www.amritvichar.com

## सुविचार



मनुष्य अपनी दुर्बलता से भली-भांति परिचित रहता है, पर उसे अपने बल से भी अवगत होना चाहिये।

-जयशंकर प्रसाद


# अमृत विचार

लखनऊ महानगर

लखनऊ, रविवार, 29 मार्च 2026


### लखनऊ के प्रमुख समाचार


- रुपये न देने पर पड़ोसी ने युवक पर पेट्रोल डाल लगाई आग II
- रानी देवी की किडनी से दो मरीजों को मिली नई जिंदगी III
- सीएचसी में धड़ल्ले से लिखी जा रहीं बाहर की दवाएं IV


## सिटी ब्रीफ

### धूप निकली तो तीन डिग्री चढ़ा पारा

**अमृत विचार, लखनऊ :** पश्चिमी विक्षोभ के कारण राजधानी और आस-पास शुक्रवार को हुई बारिश के बाद शनिवार को मौसम साफ हो गया। तेज धूप के कारण पारा तीन डिग्री तक चढ़कर 33.3 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। जबकि न्यूनतम तापमान 3 डिग्री गिरावट के साथ 19 डिग्री पहुंच गया। मौसम विभाग के अनुसार रविवार को राजधानी और आस-पास कहीं-कहीं बादल छाये रहेंगे। अधिकतम तापमान में करीब 2-3 डिग्री की बढ़ोतरी की संभावना है।

### आज खुला रहेगा आरटीओ कार्यालय


**अमृत विचार, लखनऊ :** रविवार को सार्वजनिक अवकाश के बावजूद एआरटीओ कार्यालय खुला रहेगा। एआरटीओ (प्रशासन) प्रदीप कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि वित्तीय वर्ष की समाप्ति को देखते हुए बकाया कर जमा कराने के लिए काउंटर संख्या 04 और 05 खुले रहेंगे, जहां वाहन स्वामी अपने लंबित कर का भुगतान कर सकेंगे। इसके साथ ही विभाग में लंबित विभिन्न कार्यों का निस्तारण भी किया जाएगा। एआरटीओ प्रशासन ने वाहन स्वामियों से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाते हुए अपने बकाया कर जमा कर दें और लंबित कार्यों का निस्तारण करा लें।

### 31 के बाद 12 प्रतिशत ब्याज के साथ जमा करना होगा गृहकर

**अमृत विचार, लखनऊ :** वित्तीय वर्ष 2025-26 समाप्त होने में तीन दिन हैं। भवन स्वामी 31 मार्च तक अपना बकाया जमा कर दें नहीं तो इसके बाद 12 प्रतिशत ब्याज के साथ गृहकर जमा करना होगा। भवन स्वामियों की सुविधा के लिए नगर निगम के सभी जोनल कार्यालय और कैश काउंटर सुबह 10 से शाम 6 बजे तक खुले रहेंगे। इसके अलावा 30 और 31 मार्च को नगर निगम के सभी जोनल कार्यालय सुबह 10 से रात 11 बजे तक खुलेंगे।



आलमबाग स्थित एचपी पेट्रोल पम्प पर पसरा रहा सन्नाटा।



डॉ. भीमराव अम्बेडकर मार्ग स्थित भारत पेट्रोल पम्प तेल भराता बाइक सवार।

# पेट्रोल पम्प पर कतारें खत्म, स्थिति सामान्य

## बिना लाइन मिलने लगा आसानी से पेट्रोल-डीजल, टैंकरों से लोड बढ़ाकर नहीं होने दी कमी

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** पेट्रोल-डीजल लेने के लिए दो दिनों की मारामारी के बाद शनिवार को पेट्रोप पम्प पर लोगों की कतारें खत्म हो गईं। सुबह से लेकर दिन भर स्थिति सामान्य रही। सामान्य दिनों की तरह लोग पेट्रोल-डीजल भराते दिखे। लोगों को आसानी से बिना लाइन लगे पेट्रोल-डीजल मिलने लगा।

जिला प्रशासन और विशेषकर आपूर्ति विभाग और तेल कंपनियों की बेहतर कार्यप्रणाली से हालात पर नियंत्रण पा लिया गया। स्थिति से निपटने के लिए जिलाधिकारी विशाख जी सहित एडीएम आपूर्ति और जिलापूर्ति अधिकारी की टीम तेल कंपनियों के अधिकारियों से लगातार समन्वय बनाते रहे। पेट्रोल-डीजल खत्म होने की अफवाहों के बीच पेट्रोल पम्प पर लगातार टैंकरों से आपूर्ति की जाती रही। जिलाधिकारी के निर्देश पर तेल कंपनियों ने लोड बढ़ाकर पेट्रोल-डीजल की कमी नहीं होने दी। नतीजा यह रहा कि दो दिनों की अफरातफरी के बाद शनिवार से हजरतगंज से लेकर शहर के सभी क्षेत्रों में पेट्रोल पम्पों पर दिन भर हालात सामान्य दिखे।



हजरतगंज स्थित रंजन पेट्रोल पम्प पर सन्नाटा। अमृत विचार

- प्रशासन की बेहतर कार्यप्रणाली से सुधरे हालात

### डीएम ने सुबह स्थिति का लिया जायजा

- जिलाधिकारी विशाख जी ने शनिवार सुबह कई क्षेत्रों में पेट्रोल पम्पों का निरीक्षण करके स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान पेट्रोल पम्पों पर पर्याप्त मात्रा में स्टॉक उपलब्ध मिला। पेट्रोल पम्प पर सुबह के समय इक्का-दुक्का लोग ही पेट्रोल और डीजल लेते नजर आए। जिलाधिकारी ने बताया कि तेल कंपनियों के पास पर्याप्त स्टॉक है। लोग अफवाहों पर ध्यान न दें और आवश्यकतानुसार ही पेट्रोल-डीजल भरवाएं।

### गैस एजेंसियों पर भी कम हो गई लाइनें

- गैस सिलेंडर की किल्लत भी धीरे-धीरे कम होती दिख रही है। शनिवार को गैस एजेंसियों पर सिलेंडर लेने के लिए कतारें कम हो गईं। बुकिंग के चार से 7 दिन में उपभोक्ताओं को सिलेंडर मिलने लगा। एजेंसियों ने होम डिलीवरी भी शुरू कर दी, जिससे धीरे-धीरे बुकिंग का बैकलॉग भी कम होता जा रहा है। एडीएम आपूर्ति ज्योति गौतम ने बताया कि अधिकांश एजेंसियों पर बुकिंग के 4-5 दिनों में सिलेंडर दिया जा रहा है।

# जन्नतुल बकी में रसूल की बेटी का रौजा ध्वस्त करने के विरोध में प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** पैगम्बर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब की बेटी हजरत फातिमा जहरा और इमामों के रौजे सऊदी अरब की हुकूमत द्वारा ध्वस्त कराये जाने के विरोध में मौलाना यासूब अब्बास के नेतृत्व में शनिवार को शहीद स्मारक पर सऊदी हुकूमत के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया गया। धर्मगुरुओं ने इस बात पर रोष व्यक्त किया कि नबी की बेटी की मजार खुले में है। धर्मगुरुओं ने कहा कि या तो सऊदी हुकूमत खुद रौजे का निर्माण कराये या फिर हमें इजाजत दे कि हम वहां रौजे का निर्माण कर सकें।

मौलाना यासूब अब्बास ने यहां कहा कि आज से 101 वर्ष पूर्व सऊदी अरब के शासक आले सऊद ने जन्नत-उल-बक़ी में मोहम्मद साहब के खानदान वालों और उनकी बेटी के रौज़ों को ध्वस्त कर दिया था। उन्होंने कहा कि सऊदी हुकूमत जिस रसूल का कलमा पढ़ती है उनकी बेटी की क़ब्र पर आज तक कोई साया नहीं है। मौलाना ने बताया कि बड़े शर्म की बात है कि सऊदी शासक अपने बड़े-बड़े महलों में रह रहे हैं लेकिन जिनका वह कलमा पढ़ते हैं उनके रसूल की बेटी की क़ब्र खुले आसमान के नीचे है। मौलाना ने सऊदी अरब हुकूमत से मांग की है कि या तो जन्नतुल बकी का निर्माण कराए या हमको इजाजत दें कि हम वहां जाकर मज़ारों का पुनः निर्माण करें।

ऑल इण्डिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष मौलाना मिर्जा मोहम्मद अतहर और मौलाना मिर्जा मोहम्मद अशफ़ाक ने भी भारत के प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर इस मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की थी। इसी को लेकर ऑल इण्डिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के अध्यक्ष मौलाना साएम मेंहदी नक़वी ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखा है।

विरोध प्रदर्शन में स्वामी सारंग, मौलाना अनवर रिज़वी, मौलाना मीसम ज़ैदी, मौलाना जाफ़र अब्बास, मौलाना रज़ा अब्बास, मौलाना अली अब्बास छपरवी, मौलाना अली रिज़वान, मौलाना अली मुत्तक़ी ज़ैदी, मौलाना शरर नक़वी, मौलाना क़म्बर रिज़वी, मौलाना अब्बास रज़ा नय्यर जलालपुरी, मौलाना एजाज अतहर, मौलाना हसन मीरपूरी मौजूद रहे।




प्रदर्शन के दौरान प्लेकार्ड दिखाती बच्ची। अमृत विचार

# डीजल की कमी, नहीं उठा डंपिंग यार्डों से कूड़ा

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- एलएसए ने नगर आयुक्त से की ईंधन दिलाने की मांग
- पार्षदों ने कहा, हफ्ते में दो दिन नहीं मिल रहा डीजल

**अमृत विचार :** राजधानी में बुधवार शाम से डीजल-पेट्रोल की किल्लत की अफवाह के बीच डंपिंग यार्डों से कूड़ा नहीं उठा। नगर निगम के कूड़ा उठाने वाले वाहनों को डीजल नहीं मिल पाया। इससे डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन से लेकर डंपिंग यार्डों से कूड़ा नहीं उठ पाया। डंपिंग यार्डों में कूड़े के ढ़ेर लग गए। पांच जोन में कूड़ा प्रबंधन का काम देख रही लखनऊ स्वच्छता अभियान (एलएसए) कंपनी ने नगर आयुक्त गौरव कुमार को पत्र लिखकर प्राथमिकता पर ईंधन दिलाने की मांग की है। वहीं पार्षदों का कहना है कि हफ्ते में दो दिन शनिवार और रविवार को वाहनों को डीजल नहीं दिया जा रहा है। इससे कूड़ा उठान व्यवस्था प्रभावित है। उनका कहना है कि डीजल न मिल पाने से कूड़ा उठाने वाले वाहन खड़े हैं।

**नगर निगम की टंकी बंद होने से बढ़ी समस्या :** पेट्रोल पम्पों पर डीजल-पेट्रोल लेने के लिए लगीं लंबी कतारों के बीच नगर निगम की गोमती नगर में केंद्रीय कार्यशाला स्थित टंकी बंद होने से समस्या बढ़ गई है। केंद्रीय कार्यशाला में नगर निगम मुख्यालय की बिल्डिंग के निर्माण के कारण डीजल की टंकी हटा दी गई है। अब नगर निगम के वाहनों को बाहर पेट्रोल पम्प से डीजल दिया जाता है। पेट्रोल पम्पों पर लंबी कतार के कारण दो दिनों से नगर निगम के वाहनों को डीजल नहीं मिल पाया। इससे शहर की सफाई व्यवस्था और कूड़ा उठान प्रभावित रहा।

### 43 ठेले-गुमटी हटाए, वसूला 6,700 रुपये जुर्माना

- नगर निगम ने शनिवार को जोन 3 और 5 में मुख्य मार्गों और बाजारों में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। जिसमें 43 दुकानें, ठेले और गुमटी हटाकर 6700 रुपये जुर्माना वसूला। जोनल अधिकारी विनीत सिंह के नेतृत्व में जोन 5 के चंदर नगर मार्केट रोड तथा टेढ़ी पुलिया से आलमबाग पुलिस चौकी तक चलाये गए अभियान में ठेले-गुमटी और 15 काउंटर हटाकर 1,000 रुपये शमन शुल्क वसूला।

### पॉलीथिन व गंदगी पर 11950 रुपये जुर्माना

- नगर निगम ने शनिवार को सिंगल यूज प्लास्टिक और गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर कुल 11950 रुपये जुर्माना वसूला। पुरनिया चौराहा से पुल के नीचे तक गंदगी फैलाने वाले 9 लोगों का चालान करके 6,650 रुपये जुर्माना वसूला। पॉलीथीन मिलने पर कुल 5 चालान करके 4,700 रुपये जमा कराए। तम्बाकू एवं तम्बाकू से बने उत्पाद बेचने वाले 3 दुकानों के खिलाफ 600 रुपये जुर्माना लगाया। अभियान में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक प्रमोद कुमार गौतम, पुष्कर सिंह पटेल, सुमित मिश्रा एवं क्षेत्रीय सुपरवाइजर उपस्थित रहे।

## आवास विकास ने 5 हजार करोड़ की बेचीं सम्पत्तियां

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र आवास एवं विकास परिषद ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में 5,000 करोड़ रुपये की सम्पत्तियां बेचकर रिकार्ड बनाया है। चैत्र नवरात्रि के शुभ अवसर पर 25 मार्च को आयोजित ई-नीलामी में लगभग 1565 करोड़ मूल्य की संपत्तियों का सफलतापूर्वक निस्तारण किया। परिषद ने ई-नीलामी के माध्यम से 2025 में दशहरा के शुभ अवसर पर आयोजित ई-नीलामी में 1,178 करोड़ मूल्य की संपत्तियों बेची थीं। वित्तीय वर्ष 2025-26 की 25 मार्च को आयोजित छठी एवं अंतिम ई-नीलामी में परिषद ने 1,565 करोड़ मूल्य की संपत्तियों का सफल निस्तारण कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। ई-नीलामी में परिषद ने विभिन्न शहरों में स्थित योजनाओं के अंतर्गत आवासीय भवन, भूखंड, व्यावसायिक एवं शैक्षणिक भूखंड, ग्रुप हाउसिंग भूखंड, वृन्दावन योजना में प्रस्तावित आईटी सिटी के अंतर्गत भूखंड तथा अयोध्या स्थित ग्रीन फील्ड टाउनशिप में होटल, हॉस्पिटल आदि भूखंड उपलब्ध कराए।

# कमता तिराहे पर बसों की मनमानी से जाम, लोग परेशान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मुख्य मार्ग पर बसें रोककर सवारियां भरने से बिगड़ रही यातायात व्यवस्था
- अवध बस अड्डे से प्रतिदिन सैकड़ों बसों का आवागमन
- वाहनों का भारी दबाव होने के कारण हो रही जाम की समस्या

**अमृत विचार :** अयोध्या रोड स्थित कमता तिराहा इन दिनों भीषण जाम की समस्या से जूझ रहा है। अवध बस अड्डे से निकलने वाली बसें मुख्य मार्ग पर ही रुककर सवारियां भर रही हैं, जिससे यातायात व्यवस्था चरमरा गई है। हालात यह हैं कि लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में घंटों लग रहे हैं और सड़कों पर वाहनों की लंबी कतारें लगी रहती हैं।

अवध बस अड्डे से प्रतिदिन सैकड़ों बसों का आवागमन होता है। हर कुछ मिनट में निकलने वाली बसें अयोध्या मार्ग पर खड़ी हो जाती हैं, जिससे तीनों दिशाओं का ट्रैफिक प्रभावित होता है। इस मार्ग पर वाहनों का भारी दबाव होने के कारण जाम की समस्या और गंभीर हो गई है। चौराहे पर तैनात ट्रैफिक पुलिस भी व्यवस्था संभालने में कठिनाई महसूस कर रही है।

स्थिति तब और बिगड़ जाती है, जब रोडवेज बसों के साथ ई-बसें भी सर्विस लेन में खड़ी हो जाती हैं, जिससे वहां का ट्रैफिक भी बाधित होता है। शनिवार को बस अड्डे के बाहर कई बसें खड़ी रहने से जाम और बढ़ गया। एआरएम आरएस वर्मा के अनुसार बसों को रोकने के लिए गार्ड और कर्मचारियों की तैनाती की गई है, लेकिन कुछ चालक नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं। उन्हें चेतावनी दी जा रही है। निजी वाहन चालक भी सवारियां भरते हैं, जिससे समस्या बढ़ रही है।




कमता तिराहे पर जाम लगाती रोडवेज बसें। अमृत विचार

# कर्मचारी संगठनों ने खोला सरकार के खिलाफ मोर्चा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**08** अप्रैल को फिर बैठक में बनाएंगे रणनीति, आंदोलन की चेतावनी

**अमृत विचार :** हजरतगंज स्थित डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ भवन में शनिवार को प्रदेशभर के विभिन्न कर्मचारी संगठनों की बैठक आयोजित हुई। उत्तर प्रदेश कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुशील त्रिपाठी के आह्वान पर कई संगठनों के पदाधिकारी शामिल हुए और सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलने का ऐलान किया।

बैठक में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद, राज्य चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी महासंघ, रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद और स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ समेत कई संगठनों के प्रतिनिधियों ने अपने विचार रखे। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले नौ वर्षों से सरकार कर्मचारी संगठनों की उपेक्षा कर रही है और लंबित मांगों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है।

प्रतिनिधियों ने कहा कि कार्मिक विभाग द्वारा हर माह बैठक के निर्देश जारी होने के बावजूद शासन स्तर पर उनका पालन नहीं किया जा रहा है, जिससे कर्मचारियों में असंतोष बढ़ता जा रहा है।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सभी कर्मचारी संगठन एकजुट होकर एक मंच से चरणबद्ध आंदोलन शुरू करेंगे। साथ ही जो संगठन इस बैठक में शामिल नहीं हो सके, उन्हें जोड़ने के लिए 8 अप्रैल को फिर बैठक आयोजित कर आगे की रणनीति तैयार की जाएगी।

**मंचन** | दाम्पत्य जीवन में आने वाली समस्याओं को नाटक में दर्शाया

# 'मध्यांतर' ने बताया पति-पत्नी एक दूसरे के पूरक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार।** सूर्या थियेटर कल्चरल आर्ट्स सोसाइटी की ओर से शनिवार को राय उमानाथ बली प्रेक्षागृह में नाटक मध्यांतर का मंचन किया गया। जयवर्धन द्वारा लिखित और विवेक मिश्रा विष्णु द्वारा निर्देशित इस नाटक में दाम्पत्य जीवन में आने वाली समस्याओं पर रौशनी डाली गई है।

ज्ञान और छाया पति-पत्नी हैं। ज्ञान एक प्राइवेट ड्रामा स्कूल में अभिनय और निर्देशन का शिक्षक है। उनका दाम्पत्य जीवन सामान्य रूप से ठीक चल रहा था कि तभी एक दुर्घटना में ज्ञान अपाहिज हो जाता है। जिसके कारण उसे नौकरी से निकाल दिया जाता है। ऐसी हालत में घर चलाने के लिए छाया को नौकरी करनी पड़ती है।



नाटक का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

बाद में पता चलता है कि दुर्घटना के कारण अब वह बच्चे भी पैदा नहीं कर सकता। इससे उसके दाम्पत्य जीवन में दरार आने लगती है।

ज्ञान महसूस करता है कि छाया को मां न बन पाने की कसक अंदर ही अंदर तोड़ रही है। घर में पति-पत्नी के रोल बदल जाते हैं और इससे नए तनाव पैदा होते हैं। पति हीनभाव से ग्रस्त होने लगता है। उसे छाया अपनी परिधि से सरकती मालूम होती है और छाया अपने पर पर-पुरुष की छाया पड़ती देखने लगती है। ज्ञान का टूटना, सन्देह और ईर्ष्या दोनों भावनाओं का सम्मिलित प्रभाव है। एक दिन ज्ञान अपनी पत्नी की शादी अपने दोस्त जयंत से करने का प्रस्ताव छाया के समक्ष रखता है। इस पर छाया कहती है कि स्त्री और पुरुष के सम्बंधों की सार्थकता एक दूसरे के प्रति आस्था, विश्वास और समर्पण में है, न कि स्वार्थ जैसे तुच्छ मानवीय विकारों में। वह कहती है कि वह दोनों एक दूसरे के पूरक हैं न कि बोझ। ऐसे में वह ज्ञान से अलग जीने की कल्पना से भी सिहर उठती है। नाटक में विवेक मिश्रा विष्णु, राहुल मिश्रा, एकता सिंह और अनन्या सिंह ने सराहनीय भूमिका निभाई।

# उपभोक्ताओं की अप्रैल में ढीली होगी जेब, बढ़कर आएगा बिल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं के लिए अप्रैल महीना महंगा रहने वाला है। पावर कॉरपोरेशन ने ईंधन अधिभार शुल्क की नई दरें तय की हैं, जिससे बिजली बिल में 2.14 प्रतिशत की बढ़ोतरी होगी। यानी 1000 रुपये के बिल पर करीब 21 रुपये अतिरिक्त देने होंगे।

मार्च में ईंधन अधिभार शुल्क नकारात्मक होने से उपभोक्ताओं को राहत मिली थी, लेकिन अप्रैल में इसके पॉजिटिव होने से बोझ बढ़ेगा। पावर कॉरपोरेशन के अनुसार, इस बढ़ोतरी से उपभोक्ताओं से करीब 142 करोड़ रुपये अतिरिक्त वसूले जाएंगे। राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने अधिभार शुल्क की गणना पर सवाल उठाते हुए इसकी जांच की मांग की है।

### बकाया राशि समायोजन की मांग

- परिषद का कहना है कि बिजली कंपनियों पर उपभोक्ताओं का करीब 51 हजार करोड़ रुपये बकाया है, जिसे पहले समायोजित किया जाना चाहिए, न कि नया बोझ डाला जाए।

### स्मार्ट प्रीपेड मीटर से बढ़ी परेशानी

- परिषद के अनुसार, स्मार्ट प्रीपेड मीटर से उपभोक्ताओं को दिक्कतें हो रही हैं। बैलेंस खत्म होते ही बिजली कट जाती है और भुगतान के बाद भी आपूर्ति बहाल होने में देरी होती है। विभाग का कहना है कि सर्वर और डेटा अपडेट में देरी के कारण यह समस्या आती है, हालांकि सूचना मिलते ही बिजली चालू करने का दावा किया जा रहा है।

# रुपये न देने पर पड़ोसी ने युवक पर पेट्रोल डालकर लगाई आग

## आनन-फानन में झुलसी हालत में घायल को सिविल अस्पताल में कराया गया भर्ती

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **बहन की तहरीर पर अलीगंज थाने में आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज**

**अमृत विचार:** अलीगंज इलाके में रुपये न देने पर पड़ोसी और युवक के बीच मारपीट हो गयी। बात बढ़ने पर पड़ोसी ने युवक पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। चीखपुकार सुनकर परिजन दौड़े। आनन-फानन में झुलसी हालत में युवक को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। अलीगंज पुलिस ने बहन की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

त्रिवेणीनगर-3 अलीगंज निवासी बिहारी यादव परिवार संग रहते है। रानी यादव ने बताया कि भाई राकेश यादव प्राइवेट काम करता है। 25 मार्च को राकेश काम कर अपने घर लौट रहा था। रास्ते में मूंगफली मंडी के पास पड़ोस में रहने वाले बलगर ने रोक लिया। आरोपी ने राकेश से रुपये मांगे। विरोध करने पर बलगर ने राकेश को पीटना शुरू कर दिया। इसी दौरान बलगर ने अपनी जेब से पेट्रोल की बोतल निकाली और राकेश पर उड़ेल कर आग लगा दी। घटना को देखकर आसपास के लोगों की भीड़ लग गई।

वारदात के बाद आरोपी मौके से भाग निकला। इस बीच पड़ोसियों ने घटना की जानकारी राकेश के परिजन को दी। परिजन ने कंबल डालकर आग को बुझाया।आनन-फानन में परिजन ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी अस्पताल (सिविल अस्पताल) में भर्ती कराया। डॉक्टर ने बताया कि आग से राकेश का हाथ, कान और पीठ जली है। बहन रानी यादव ने अलीगंज थाने में बलगर के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली। पीड़िता की बहन का आरोप है कि आरोपी दबंग है। अलीगंज इंस्पेक्टर अलीगंज ध्रुव कुमार ने बताया कि दोनों पक्ष एक दूसरे के परिचित हैं। किसी बात को लेकर विवाद हुआ है। इसके बाद राकेश पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। जिससे वह झुलस गया है। उसका इलाज चल रहा है।


अस्पताल में भर्ती राकेश

# 11वीं की छात्रा ने की आत्महत्या

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **पुलिस ने कमरे में की छानबीन नहीं मिला सुसाइड नोट**
- **हसनगंज के मनकामेश्वर मंदिर के पास की घटना**
- **मां की डांट से क्षुब्ध होकर उठाया आत्मघाती कदम**

**अमृत विचार:** हसनगंज इलाके में मां की डांट से क्षुब्ध 11वीं की छात्रा ने शुक्रवार देर रात घर में फंदा लगा लिया। परिवारवालों ने छात्रा को फंदे से उतारकर आनन-फानन में अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। डॉयल-112 पर सूचना मिलते ही हसनगंज पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने कमरे में छानबीन की लेकिन कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

डालीगंज के मनकामेश्वर मठ मंदिर के पास रहने वाले अरविंद कुमार सिक्योरिटी एजेंसी के सुपरवाइजर हैं। परिवार में पत्नी सपना व बेटा उदय हैं। बेटी लीजा उर्फ बेबो (17) डालीगंज स्थित निजी स्कूल में 11वीं की छात्रा थी। शुक्रवार को किसी बात पर मां ने लीजा को डांट दिया। इसके बाद छात्रा गुस्से में अपने कमरे में चली गई। कुछ देर बाद अरविंद कमरे में गए तो बेटी को फंदे से लटका देखा। चींख सुनकर परिजन और आसपास के लोग मदद के लिए दौड़े।

पड़ोसियों की मदद से लीजा को फंदे से नीचे उतारा। आनन-फानन में लीजा को बलरामपुर अस्पताल पहुंचाया गया। वहां डॉक्टर ने छात्रा को मृत घोषित कर दिया।अस्पताल प्रशासन ने छात्रा की मौत की जानकारी पुलिस को दी। जानकारी मिलते ही हसनगंज पुलिस पहुंची। पुलिस ने परिजनों से पूछताछ की। परिजन ने पुलिस को बताया कि मां की डांट से नाराज होकर लीजा ने जान दी है। उसके बाद पुलिस ने घर पहुंचकर कमरे में छानबीन की लेकिन कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिवारवालों को सौंप दिया है।

## छत से गिरी महिला की मौत

**अमृत विचार, निगोहां:** निगोहां गांव में शनिवार को संदिग्ध परिस्थिति में रानी (55) छत से नीचे गिर गई। आनन-फानन परिजन उसे मोहनलालगंज के एक निजी अस्पताल लेकर गये। जहां हालत गंभीर होने पर केजीएमयू रेफर कर दिया गया। वहां पहुंचने पर अभी इलाज शुरू हुआ था कि रानी की मौत हो गई। परिजन ने पुलिस से पोस्टमार्टम न कराने का प्रार्थना पत्र दिया। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर शव का पंचनामा भरकर परिजन को सुपुर्द कर दिया गया।

## सिटी ब्रीफ

### चोरी की बिजली से चल रहा वाटर प्लांट लगाया जुर्माना

**अमृत विचार, लखनऊ:** राजधानी के चिनहट में शनिवार शाम एक वाटर प्लांट को चोरी की बिजली से संचालित करते हुए पकड़ा गया। जानकारी के अनुसार, प्लांट के संचालक ने स्मार्ट मीटर से पहले बिजली के तार काटकर मीटर को बाईपास कर लिया था। इस मामले में करीब 25 लाख रुपये जुर्माने का अनुमान है। गोमतीनगर के जोनल मुख्य अभियंता सुशील गर्ग ने बताया कि चिनहट स्थित आनंदी वाटर पार्क के पीछे गुरु का पुरवा में स्थित 49 केवीए क्षमता वाले वाटर प्लांट के लिए एलटी कनेक्शन लिया गया था। अधिशासी अभियंता पवन वर्मा और एपी सिंह की टीम ने जांच के दौरान पाया कि स्मार्ट मीटर से पहले करंट टर्मिनल के तार काटकर बिजली चोरी की जा रही थी। यह वाटर प्लांट गुरु का पुरवा निवासी अजय सिंह का है, जिसे कार्तिक कुमार ने किराए पर लिया था। जांच में स्मार्ट मीटर बंद मिलने के कारण बिजली लोड की खपत का सही अनुमान नहीं लगाया जा सका। इस संबंध में कनेक्शन मालिक को नोटिस जारी कर दिया गया है। अधिकारियों ने कहा कि एमआरआई बेस बिलिंग के बावजूद बिजली चोरी कैसे हो रही थी, इसकी भी अलग से जांच कराई जाएगी।

### ऑटो चालक ने कार सवार परिवार को चाकू लेकर दौड़ाया

**अमृत विचार, लखनऊ:** चौक क्षेत्र में दरिया वाली मस्जिद के पास ऑटो चालक द्वारा कार में टक्कर मारने के बाद विवाद बढ़ गया। टोकने पर ऑटो चालक और उसके साथ मौजूद महिलाओं ने कार सवार परिवार से गाली-गलौज की। विरोध करने पर आरोपी ने चाकू निकालकर कार चालक पर हमला करने की कोशिश की और जान से मारने की धमकी दी। शीशमहल के गेंदखाना निवासी इस्तेखार हसन के अनुसार, 23 मार्च की शाम वह पत्नी और बच्चों के साथ कार से लौट रहे थे। करीब सात बजे दरिया वाली मस्जिद के पास जाम में उनकी कार खड़ी थी, तभी पीछे से एक ऑटो ने टक्कर मार दी। इस पर उन्होंने चालक को सावधानी से चलने को कहा, जिससे नाराज होकर आरोपी और उसके साथ की महिलाओं ने अभद्रता शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपी चाकू लेकर दौड़ पड़ा और हमला करने की कोशिश की। शोर सुनकर राहगीर मौके पर पहुंचे तो आरोपी धमकी देते हुए ऑटो लेकर फरार हो गया। सूचना पर पुलिस पहुंची और जांच शुरू की।पीड़ित ने 26 मार्च को चौक कोतवाली में तहरीर दी और ऑटो का नंबर भी सौंपा। पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है।

### सिपाही पत्नी को प्रताड़ित कर वसूले 11.50 लाख व बाइक

**अमृत विचार, लखनऊ:** साइबर थाने में तैनात महिला सिपाही ने पति व ससुराल पक्ष पर दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाया है। आरोप है कि पति ने दबाव बनाकर उससे करीब 11.50 लाख रुपये और बाइक वसूल ली, इसके बाद भी लगातार उत्पीड़न करता रहा। विरोध करने पर मारपीट, गला दबाने और चरित्र पर सवाल उठाकर बदनाम करने का आरोप है। पीड़िता की तहरीर पर चिनहट कोतवाली में पति, सास और ससुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मैनपुरी निवासी सिपाही प्रियंका वर्तमान में लखनऊ साइबर क्राइम थाने में तैनात हैं और कमता क्षेत्र में रह रही हैं। उनकी शादी अक्टूबर 2020 में फर्रुखाबाद निवासी शिवम कुमार से हुई थी। शादी के कुछ माह बाद ही पति ने बाइक और 10 लाख रुपये की मांग शुरू कर दी। मायके पक्ष ने बाइक दे दी, लेकिन शेष रकम के लिए प्रताड़ना शुरू हो गई।

# बंद मकान का ताला तोड़कर लाखों का सामान चोरी

संवाददाता, सरोजनीनगर

- **22 मार्च को गांव गया था पूरा परिवार, 25 मार्च को हुई घटना की जानकारी**

**अमृत विचार:** सरोजनीनगर में चोरों ने एक बंद मकान का ताला तोड़कर नगदी समेत लाखों रुपये के जेवरात पार कर दिए। घटना के वक्त पीड़ित अपने परिवार संग गांव गई थी। घर वापस आने पर परिजन को चोरी की जानकारी हुई। पुलिस के मुताबिक तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

त्रिपुरारीनगर निवासी कमलेश परिवार संग रहते है। पीड़िता की पत्नी कमलेश ने बताया कि बीते 22 मार्च को वह परिवार के साथ अपने गांव गई थी। वह बीते 25 मार्च की शाम करीब छह बजे घर लौटे तो उनके होश उड़ गए। चोरों ने मेन गेट का ताला तोड़कर घर के अंदर घुसे। चोरों ने कमरे में रखी अलमारी का लॉकर तोड़कर उसमें रखे 80 हजार रुपये नकद और लाखों रुपये के सोने-चांदी के अभूषण उठा ले गए। पीड़ित ने घर में चोरी की जानकारी डॉयल-112 नंबर पर दी। चोरी की सूचना पर सरोजनीनगर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल की जांच की। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की। पीड़िता ने सरोजनीनगर थाने में अज्ञात के खिलाफ चोरी की तहरीर दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। सरोजनीनगर इंस्पेक्टर ने बताया कि पीड़िता के घर के पास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज देखी जा रही है।

# पलटन छावनी में हो रही रसोई गैस की रिफिलिंग, एफआईआर दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **पुलिस को खाली और भरे एलपीजी गैस सिलिंडर, रिफिलिर और अन्य सामान मिला**
- **पूर्ति निरीक्षक की तहरीर पर मड़ियांव थाने में रिपोर्ट दर्ज आरोपी फरार**

**अमृत विचार:** मड़ियांव इलाके में सीतापुर रोड स्थित पलटन छावनी मोहल्ले रसोई गैस रिफिलिंग का खुला खेल चल रहा है। इसका खुलासा आपूर्ति विभाग व पुलिस की टीम के छापेमारी में हुआ। टीम ने मौके से कई खाली व भरे रसोई गैस सिलिंडर, रिफिलिर व अन्य सामान बरामद किया। आपूर्ति निरीक्षक की तहरीर पर मड़ियांव थाने में बिना अनुमति रिफिलिंग करने वाले गुलाम वारिस के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

हसनगंज के पूर्ति निरीक्षक आरएन मिश्रा और बीकेटी के पूर्ति निरीक्षक सौरभ की टीम को अवैध रिफिलिंग की सूचना मिली थी। आरएन मिश्रा के मुताबिक टीम मौके पर पहुंची तो मोहल्ले की चुन्नी शाह दरगाह के सामने रखी गुमटी में अवैध रूप से गैस रिफिलिंग एक युवक करता हुआ मिला। पूछताछ का प्रयास किया तो चकमा देकर भाग गया। गुमटी के पीछे अस्थायी खपरैल में एक व्यक्ति मौजूद था। उसकी पहचान बाराबंकी के देवा स्थित शेख डोह निवासी गुलाम वारिस के रूप में हुई है। गुलाम ने बताया कि वह अपनी बहन गुडाना के घर आया था। उसने भी रिफिलिंग के बारे में जानकारी से इंकार किया।

आसपास के लोगों ने बताया कि गुमटी आमिर की है। वह गैस चूल्हा रिपेयरिंग का काम करता है। मौके से पुलिस को एक भरा और पांच खाली गैस सिलिंडर, पांच छोटे सिलिंडर, इलेक्ट्रानिक तराजू और अन्य सामान मिला। टीम ने बरामद सामान को मोहिबुल्लापुर स्थित भारत गैस एजेंसी में जमा कराया है। साथ ही गुमटी सील की गई है। पूर्ति निरीक्षक की तहरीर पर गुलाम वारिस के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराया है। इसमें आमिर पर भी आरोप लगाए गए हैं। मड़ियांव पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# देवी जागरण के दौरान मारपीट चले धारदार हथियार, दो घायल

सरोजनीनगर, संवाददाता

- **पुलिस ने घायलों का कराया मेडिकल, एफआईआर दर्ज**
- **दो दिन पहले हुआ था विवाद, पुलिस मामले की जांच में जुटी**

**अमृत विचार:** बंथरा में शुक्रवार रात देवी जागरण के दौरान पुरानी रंजिशय में दो पक्षों के बीच मारपीट शुरू हो गई। इस दौरान धारदार हथियार से हमला किया गया। हमले में दो लोग गंभीर रुप से घायल हो गये। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। मामले की जांच कर रही है।

बंथरा गांव निवासी विक्की सिंह चौहान उर्फ सुरेन्द्र सिंह चौहान ने बताया कि शुक्रवार की रात वह गांव से कुछ दूरी पर उम्मेदखेड़ा स्थित आनंदी माता मंदिर परिसर में आयोजित जागरण देखने गए थे। तभी वहां मौजूद तरुण दूबे, संदीप लोधी और यश मिश्रा से दो दिन पहले हुए विवाद को लेकर कहासुनी करने लगे। आरोप है कि आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए धारदार हथियार से हमला कर दिया। मारपीट होने से जागरण में भगदड़ मच गई। मारपीट में विक्की और उसके मित्र विशेष सैनी घायल हो गए। आरोप है कि बाद में आरोपियों ने जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। घायल दोनों लोग लहूलुहान हालत में बंथरा थाने पहुंचे। वहां पुलिस ने दोनों का मेडिकल कराया। और तहरीर लेकर एफआईआर दर्ज कर ली। पुलिस मामले की जांच कर रही है।


आग लगने से जला सामान व गैस सिलेंडर। अमृत विचार

# गैस सिलेंडर से लगी आग, बच्चों को बचाने में पिता झुलसा

संवाददाता, इटौंजा

- **इटौंजा के अटेसुवा गांव में शनिवार सुबह चाय बनाते समय हुई घटना**
- **ग्रामीणों ने पानी डालकर आग पर पाया काबू**

**अमृत विचार:** इटौंजा के अटेसुवा गांव में शनिवार सुबह चाय बनाते समय घर में आग लग गई। आग की लपटों को बढ़ता देखकर परिजन बाहर की ओर भागे। घर के अंदर कमरे में सगे भाई-बहन सो रहे थे। बच्चों को बचाने में पिता आग से झुलस गए। पड़ोसियों ने पानी डालकर करीब आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया। आग की चपेट में आने से गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया।

अटेसुवा गांव के निवासी मेवा लाल किसान है। मेवालाल के मुताबिक शनिवार सुबह करीब छह बजे उनका बेटा उत्तम रसोई घर में गैस चूल्हे पर चाय बना रहा था। अचानक रसोई घर से आग की लपटें निकलने लगी। उस वक्त घर पर दो बच्चे आदर्श और कोमल सो रहे थे। आग की लपटें बढ़ी जा रही थी। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। लोगों ने पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया। इस बीच उत्तम अपने दोनों बच्चों को निकलने के लिए कमरे में पहुंचा। बच्चों को निकालने में उत्तम झुलस गया। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया। परिजन आग से झुलसे उत्तम को इलाज के लिए पास के अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टर ने इलाज के बाद उत्तम की छुट्टी कर दी। पीड़ित किसान मेवा लाल ने बताया कि आग लगने से उनके घर का सारा सामान जल गया है।


उत्तम

# नौकरी का झांसा देकर किया विधवा से दुष्कर्म, ठगे 3.80 लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **विकासनगर पुलिस ने आरोपी को जानकीपुरम सेक्टर-एफ से दबोचा**
- **गर्भवती होने पर कोल्डड्रिंक में दवा देकर कराया था गर्भपात**

**अमृत विचार:** विकासनगर क्षेत्र में एक विधवा को नौकरी दिलाने का झांसा देकर आरोपी ने उससे 3.80 लाख रुपये ठग लिए और लंबे समय तक शारीरिक शोषण करता रहा। गर्भवती होने पर आरोपी ने कोल्डड्रिंक में दवा मिलाकर गर्भपात करा दिया। पीड़िता की शिकायत पर दर्ज मुकदमे के बाद पुलिस ने आरोपी को जानकीपुरम सेक्टर-एफ से गिरफ्तार कर लिया।

एसओ आलोक कुमार सिंह के अनुसार, पीड़िता ने एक मार्च को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसने बताया कि वर्ष 2022 में उसकी मुलाकात अंकुर अग्रवाल से हुई, जो मूल रूप से कुशीनगर के पडरौना का निवासी है और वर्तमान में जानकीपुरम में रह रहा था। आरोपी ने नौकरी दिलाने का झांसा देकर उससे 3.80 लाख रुपये ऐंठ लिए और बाद में उसे अपने जाल में फंसाकर शारीरिक संबंध बनाए। इस दौरान वह गर्भवती हो गई तो आरोपी ने कोल्डड्रिंक में दवा मिलाकर गर्भपात करा दिया।

पीड़िता के अनुसार, विरोध करने पर आरोपी ने माफी मांगकर उसे शांत करा दिया, लेकिन शोषण जारी रखा। दोबारा गर्भवती होने पर आरोपी ने उसके साथ मारपीट की, जिससे फिर गर्भपात हो गया। शिकायत करने की बात पर वह लगातार धमकाता रहा।पुलिस के मुताबिक आरोपी ने पीड़िता की अश्लील फोटो और वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। बाद में पीड़िता को पता चला कि आरोपी पहले से शादीशुदा है। विरोध करने पर वह वीडियो वायरल करने की धमकी देता था।

## मॉडिफाइड साइलेंसर से गनशॉट, टोकने पर युवक की नाक तोड़ी

**अमृत विचार, लखनऊ:** सआदतगंज क्षेत्र में चौपटिया रोड स्थित तोप दरवाजा निवासी कपिल कुमार शुक्ल ने बताया कि 25 मार्च की रात वह नाक का ऑपरेशन कराने के बाद घर पर आराम कर रहे थे। इसी दौरान चार बाइक सवार युवक घर के पीछे तेज आवाजें निकालते हुए हुड़दंग करने लगे। मना करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज कर धक्का दिया और चेहरे पर मुक्का मार दिया।

सूचना पर पुलिस पहुंची तो आरोपी भाग निकले। पीड़ित ने वीडियो पुलिस को सौंप दिया है। पुलिस ने 18 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

# झांसा देकर कारोबारी से ऐंठे 1.21 करोड़

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **तय समय बाद वापस मांगे रुपये तो असलहा लगाकर पीटा**
- **कोर्ट के आदेश पर हजरतगंज कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज**

**अमृत विचार:** सरकारी टेंडर में निवेश पर मुनाफे का झांसा देकर निजी फर्म मालिक ने कारोबारी से 1.21 करोड़ रुपये ऐंठ लिए। आरोपी ने निवेश पर एक साल बाद मुनाफे संग रुपये वापस करने का आश्वासन दिया। तय समय बाद रुपये मांगने पर आरोपी ने टालमटोल की। दबाव बनाने पर असलहा लगाकर पीटा। हजरतगंज पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर विक्रम सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

काकोरी के नई बाजार निवासी चांद सिद्दीकी एक निजी कंपनी के मालिक हैं। साथ ही हजरतगंज में एक फिटनेस जिम चलाता है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2022 में जिम में ही उनकी मुलाकात शिवनाथ सिंह उर्फ गुड्डू निवासी लक्ष्मण विहार जलालपुर फाटक पारा से हुई। बातचीत में आरोपी ने बताया कि उसकी मां वैष्णो नाम से फर्म है। फर्म को कई बड़े सरकारी ठेके मिले हैं। आरोपी ने फर्म में निवेश करने पर एक साल में मुनाफे के साथ रुपये वापस करने आश्वासन दिया। आरोपी की चिकनी-चुपड़ी बातों में फंसे पीड़ित चांद ने अपनी फर्म के खाते से मां वैष्णो कंपनी के खाते में 3 नवंबर से 28 नवंबर 2022 के बीच नौ बार में 1.21 करोड़ रुपये ट्रांसफर किए।

तय समय बाद पीड़ित ने आरोपी शिवनाथ से संपर्क कर मुनाफे संग रुपये वापस मांगे तो उसने एक लाख रुपये वापस किए। शेष रुपये जल्द देने की बात कही। उसके बाद से आरोपी लगातार आनाकानी करता रहा। दबाव बनाने पर आरोपी ने असलहा तानकर पीटा और जान से मारने की धमकी दी। 1.20 करोड़ की धोखाधड़ी का एहसास होने पर पीड़ित चांद ने हजरतगंज कोतवाली और पुलिस अधिकारियों से शिकायत की। सुनवायी नहीं होने पर कोर्ट में अर्जी दी। आदेश पर हजरतगंज पुलिस ने शिवनाथ सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

**जालसाजी** | हाइवे सिटी परियोजना में प्लॉट का दिया था झांसा

# समृद्धि इंफ्रा डेवलपर्स ने प्लॉट के नाम पर हड़पे 50 लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **डीसीपी साउथ के आदेश पर कृष्णानगर कोतवाली में सीएमडी पर रिपोर्ट दर्ज**

**अमृत विचार:** कानपुर रोड पर हाइवे सिटी परियोजना में प्लॉट के नाम पर समृद्धि इंफ्रा डेवलपर्स के सीएमडी ने महिला व उसके रिश्तेदारों के 50 लाख रुपये ऐंठ लिए। रुपये लेने के बाद भी आरोपी ने न ही प्लॉट की रजिस्ट्री की और न ही कब्जा दिया। टालमटोल देख पीड़िता ने डीसीपी साउथ निपुण अग्रवाल से शिकायत की। आदेश पर कृष्णानगर पुलिस ने सीएमडी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

आलमबाग के मवैया निवासी अनीता मिश्रा ने बताया कि कृष्णानगर के चित्रगुप्तनगर में समृद्धि इंफ्रा डेवलपर्स कंपनी का कार्यालय है। कंपनी सीएमडी रंजीत सिंह हैं। कुछ समय पहले पीड़ित ने कंपनी में संपर्क किया। वहां उनकी मुलाकात सीएमडी रंजीत सिंह से हुई। पीड़िता ने कानपुर रोड स्थित हाईवे सिटी परियोजना में अपने और रिश्तेदारों के नाम कई प्लॉट बुक कराए थे। बातचीत के दौरान कंपनी द्वारा प्लॉट का रेट 300 रुपये वर्गफीट के हिसाब से तय हुआ था। जिसके पश्चात सभी ने मिलकर कंपनी में 50 लाख रुपये जमा किए थे।




पूरी रकम लेने के बावजूद भी कंपनी द्वारा अभी तक प्लॉट की स्पष्ट लोकेशन नहीं बताई गई है। उल्टा शेष रकम जमा कराने के लिए नोटिस भेजकर मानसिक दबाव बनाया जा रहा है। जिसके चलते उन्होंने कृष्णानगर थाने पर शिकायत की। पीड़िता ने बताया कि उनके पिता का निधन हो चुका है। उन्होंने दो आवासीय भूखंडों की रजिस्ट्री भी करायी थी। रजिस्ट्री के बाद भी अब तक डेवलपर्स कंपनी द्वारा भौतिक कब्जा नहीं दिया गया। पीड़िता ने डीसीपी साउथ निपुण अग्रवाल से मुलाकात कर मामले की शिकायत की।

जिसपर एसीपी कृष्णानगर रजनीश वर्मा ने जांच शुरु की। शुरुआती जांच में आरोप सही मिलने पर कृष्णानगर पुलिस ने सीएमडी रंजीत सिंह के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर पीके सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# प्लॉट का झांसा देकर ठगे 24.16 लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **बैनामे में कम कीमत दिखाने पर टोका तो नुकसान की कही बात**
- **जाली कब्जा प्रमाण पत्र थमाया जांच में निकला फर्जीवाड़ा**
- **मोहनलालगंज कोतवाली में कंपनी के पांच निदेशकों पर रिपोर्ट**

**अमृत विचार:** मोहनलालगंज में आवासीय प्रोजेक्ट का झांसा देकर रियल एस्टेट कंपनी एकुमेन लिजिंग एंड इंफ्रास्टेट प्राइवेट लिमिटेड ने एक रिटायर्ड सरकारी कर्मी से 24.16 लाख रुपये ठग लिए। आरोपियों ने प्लॉट की रजिस्ट्री तो कर दी, लेकिन कब्जा नहीं दिया। जांच में पता चला कि जमीन किसी अन्य की है। मोहनलालगंज पुलिस ने कंपनी के पांच निदेशकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

हजरतगंज के जयप्रकाश नगर निवासी 71 वर्षीय तारा चंद्र वर्मा के अनुसार वर्ष 2013 में उनकी मुलाकात विजयकांत तिवारी उर्फ विजय कुमार से हुई, जिसने खुद को कंपनी का निदेशक बताया। उसने आवासीय योजना के दस्तावेज और पंपलेट दिखाकर भरोसा दिलाया, जिसके बाद वर्मा ने मोहनलालगंज के ग्राम खुजौली स्थित परियोजना में तीन प्लॉट बुक कराए। इनमें दो प्लॉट उन्होंने अपने और एक बेटे के नाम कराया।

आरोपी विजयकांत ने सहयोगी निदेशक रविंद्र कुमार सलूजा से बैनामा कराया और पीड़ित से चेक के माध्यम से 24,15,600 रुपये ले लिए। बैनामे में कम कीमत दिखाने पर आपत्ति जताने पर आरोपी ने नुकसान का हवाला देकर चुप करा दिया। इसके बाद कब्जे के लिए संपर्क करने पर आरोपी लगातार टालते रहे।

पीड़ित ने कई बार अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। 12 अगस्त 2022 को आरोपियों ने जाली कब्जा प्रमाण पत्र दे दिया, पर जमीन का वास्तविक कब्जा नहीं दिया। जून 2024 में रुपये वापस मांगने पर भी धमकाकर भगा दिया गया। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने विजयकांत तिवारी, रविंद्र सिंह सलूजा समेत पांच लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## शराब की दुकान पर अधिवक्ता को पीटा

**अमृत विचार, सरोजनीनगर:** थाना क्षेत्र में शराब की दुकान पर दबंगों ने एक अधिवक्ता को मारपीट कर चेन लूट ली गयी। सरोजनीनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरु कर दी है। सरोजनीनगर के जयराजपुरी कॉलोनी निवासी अधिवक्ता शिवम शुक्ला ने बताया कि 21 मार्च की रात तहसील से लौटने के बाद गौरी चौराहे स्थित एक मॉडल शॉप पर बैठे थे। इसी दौरान वहां मौजूद अनुज यादव, अभिनव यादव उर्फ लाली, तरुण यादव और निक्कू ठाकुर आपस में गाली-गलौज कर रहे थे। मना करने पर आरोपियों ने अचानक उन पर हमला कर दिया। आरोप है कि आरोपियों ने मारपीट कर चेन लूट ली।

## सिटी ब्रीफ

### वरिष्ठ वितरक की माता का निधन

**अमृत विचार, लखनऊ :** राष्ट्रीय समाचार पत्र वितरक सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश उपाध्याय ने समिति परिवार की ओर से राम सागर पाल जी की लगभग 80 वर्षीय माता स्व. राम कली देवी जी के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया।



रामकली देवी

उनका निधन शुक्रवार की रात्रि को हुआ। वे लंबे समय से अस्वस्थ थीं। इस दुखद समाचार से वितरक साथियों एवं प्रेस संस्थानों में शोक की लहर दौड़ गई। अंतिम संस्कार महबूल्लापुर श्मशान घाट पर परिजनों, सहयोगियों और रिश्तेदारों की उपस्थिति में हुआ।

### अधिकारों के लिए रहें एकजुट : जसवंत सिंह

**अमृत विचार, लखनऊ :** परिवहन निगम कर्मचारियों को संबोधित करते हुए संघ के प्रदेश महामंत्री जसवंत सिंह ने एकजुटता की कमी पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि जब कर्मचारी खुद अपने हितों के प्रति सजग नहीं हैं, तो मांगें पूरी न होने पर दूसरों को दोष देना उचित नहीं है। उन्होंने सवाल उठाया कि 55 हजार कर्मचारियों की लड़ाई में जब केवल एक-दो हजार लोग ही शामिल होते हैं, तो यह स्पष्ट संकेत है कि सभी कर्मचारी गंभीर नहीं हैं। ऐसे में निगम मुख्यालय भी यह मान लेता है कि ये मांगें सभी की नहीं हैं। जसवंत सिंह ने कहा कि अधिकार संघर्ष से मिलते हैं, न कि भीख मांगने से। यदि कर्मचारी बिखरे रहेंगे और अपने निर्णयों पर भरोसा नहीं करेंगे, तो उन्हें उनका हक नहीं मिल पाएगा। उन्होंने कर्मचारियों से अपील की कि वे संगठन चाहे अलग-अलग हों, लेकिन अपने अधिकारों के लिए एकजुट रहें।

### संशोधित एमटीपी कानून से महिलाओं को राहत

**अमृत विचार, लखनऊ :** महिलाओं के स्वास्थ्य और अधिकारों को प्राथमिकता देते हुए मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी (एमटीपी) अधिनियम में किए गए संशोधन ने सुरक्षित गर्भपात के क्षेत्र में नई दिशा दी है। अब विशेष परिस्थितियों में गर्भपात की समय सीमा को 24 सप्ताह तक बढ़ा दिया गया है, जिससे कई महिलाओं को राहत मिली है। यह जानकारी वात्सल्य संस्थान की डॉ. नीलम सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि पहले समय सीमा कम होने के कारण कई महिलाएं असुरक्षित तरीकों का सहारा लेने को मजबूर होती थीं, जिससे उनकी जान को गंभीर खतरा रहता था। शनिवार को विकासनगर स्थित एक होटल में एससीएल फाउंडेशन की ओर से सुरक्षित गर्भपात और संशोधित एमटीपी अधिनियम विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान डॉ. नीलम सिंह ने बताया कि संशोधित कानून के तहत अब पीड़ित महिलाओं, नाबालिगों और गंभीर चिकित्सीय स्थितियों में गर्भपात की अनुमति दी गई है।

# रानी देवी की किडनी से दो मरीजों को मिली नई जिंदगी

## एसजीपीजीआई में ब्रेन स्टेम डेथ के बाद परिजनों का सराहनीय निर्णय, संस्थान में दूसरी बार ब्रेन स्टेम डेथ के बाद कराया गया अंगदान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) में मानवता और उदारता की एक प्रेरणादायी मिसाल सामने आई है। मध्य प्रदेश निवासी रानी देवी के परिजन ने उनके ब्रेन स्टेम डेथ घोषित होने के बाद अंगदान का निर्णय लेकर दो गंभीर मरीजों को नया जीवन प्रदान किया।

स्टेट ऑर्गन एंड टिश्यू ट्रांसप्लांट आर्गनाइजेशन-उत्तर प्रदेश (सोटो-यूपी) के संयुक्त निदेशक एवं चिकित्सा अधीक्षक प्रो. राजेश हर्षवर्धन ने बताया रानी देवी को 20 मार्च को मस्तिष्क में रक्तस्राव के कारण संस्थान में भर्ती कराया गया था। न्यूरोसर्जरी विभाग की टीम ने 23 मार्च को जटिल ऑपरेशन किया, लेकिन तमाम प्रयासों के बावजूद उनकी स्थिति में सुधार नहीं हो सका। 27 मार्च को विशेषज्ञ चिकित्सकों के पैनल ने उन्हें ब्रेन स्टेम डेड घोषित कर दिया।

इसके बाद ट्रांसप्लांट कोऑर्डिनेटर और सोटो-यूपी की टीम ने परिजनों को अंगदान के लिए प्रेरित किया। परिवार ने सहमति देते हुए किडनी दान का निर्णय लिया।



किडनी दान के बाद परिजन और चिकित्सकों की टीम। अमृत विचार

प्रो. राजेश हर्षवर्धन के नेतृत्व में पूरी रात ट्रांसप्लांट टीमों के बीच समन्वय किया गया। नेफ्रोलॉजी विभागाध्यक्ष प्रो डॉ. नारायण प्रसाद के नेतृत्व में वेटिंग लिस्ट के आधार पर दो मरीजों का चयन किया गया। यूरोलॉजी और ट्रांसप्लांट टीमों ने सफलतापूर्वक किडनी हार्वेस्ट और प्रत्यारोपण की प्रक्रिया पूरी की।

### मरीज न मिलने से नहीं हो सका लिवर प्रत्यारोपण

- इस केस में केवल दोनों किडनियों का ही सफल ट्रांसप्लांट हो सका। लीवर ट्रांसप्लांट नहीं हो पाया, क्योंकि समय रहते कोई उपयुक्त मरीज केजीएमयू या अन्य केंद्रों पर नहीं मिल सका। विशेषज्ञों के अनुसार यदि लीवर के लिए अधिक इंतजार किया जाता, तो किडनियां भी उपयोग में नहीं आ पातीं। ऐसे में समय पर लिया गया निर्णय दो जिंदगियों को बचाने में निर्णायक साबित हुआ।

28 मार्च की सुबह दोनों किडनियां सुरक्षित रूप से ट्रांसप्लांट ऑपरेशन थियेटर तक पहुंचाई गईं, जहां दो पुरुष मरीजों में सफल प्रत्यारोपण किया गया। ये मरीज कई वर्षों से डायलिसिस पर निर्भर थे। संस्थान के निदेशक पद्मश्री प्रो. आरके धीमन ने बताया कि वर्ष 2026 में यह संस्थान का दूसरा कैडेवरिक अंगदान है।

### लोहिया व पीजीआई में शुरू होगा पोस्टमॉर्टम हाउस

- **अमृत विचार, लखनऊ :** पोस्टमॉर्टम की बढ़ती संख्या को देखते हुए अब डॉ.राम मनोहर लोहिया संस्थान और संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) में भी पोस्टमॉर्टम हाउस शुरू होंगे। इससे केजीएमयू के पोस्टमॉर्टम हाउस पर दबाव कम होगा। फिलहाल राजधानी में केवल केजीएमयू में ही पोस्टमॉर्टम की सुविधा उपलब्ध है, जहां पूरे जिले का दबाव रहता है। बीते वर्ष यहां लगभग 6 हजार पोस्टमॉर्टम किए गए, जबकि प्रतिदिन यह संख्या 15 से 20 होती है। अधिक दबाव के कारण परिजनों को 5 से 6 घंटे तक इंतजार करना पड़ता है। इस स्थिति को सुधारने के लिए प्रशासन ने लोहिया संस्थान और एसजीपीजीआई में नए पोस्टमॉर्टम हाउस स्थापित करने की प्रक्रिया शुरू की है। लोहिया संस्थान में पोस्टमॉर्टम हाउस की बिल्डिंग तैयार हो चुकी है। संस्थान के निदेशक डॉ. सीएम सिंह के अनुसार, भवन में अंतिम कार्य जैसे गेट लगना शेष है और आगामी एक से डेढ़ माह में यहां सेवाएं शुरू हो जाएंगी। वहीं एसजीपीजीआई में भी पोस्टमॉर्टम हाउस निर्माण कार्य प्रगति पर है। निदेशक डॉ. आरके धीमन ने बताया कि आवश्यक उपकरणों, जैसे डिफ्रिजरेटर आदि की खरीद प्रक्रिया जारी है और अगले डेढ़ से दो माह के भीतर यहां भी शव विच्छेदन की सुविधा शुरू कर दी जाएगी।

### मायोसाइटिस मरीजों के लिए विशेष ओपीडी

- **अमृत विचार, लखनऊ :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के क्लिनिकल इम्यूनोलॉजी एवं रूमेटोलॉजी विभाग की ओर से मायोसाइटिस रोगियों के लिए एक विशेष ओपीडी की शुरुआत की जा रही है। यह ओपीडी 1 अप्रैल से प्रत्येक बुधवार को संचालित होगी। इस पहल को मायोसाइटिस इंडिया के सहयोग से शुरू किया जा रहा है। विभागाध्यक्ष डॉ. पुनीत कुमार ने बताया कि मायोसाइटिस एक दुर्लभ लेकिन गंभीर ऑटोइम्यून बीमारी है, जो मांसपेशियों, त्वचा और शरीर के अन्य अंगों को प्रभावित कर सकती है। इस बीमारी के उपचार के लिए विशेष विशेषज्ञता और नियमित निगरानी की आवश्यकता होती है। उन्होंने बताया कि इस विशेष ओपीडी के माध्यम से मरीजों को एक ही स्थान पर समग्र मूल्यांकन, सटीक निदान और प्रभावी इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इससे मरीजों को बार-बार अलग-अलग विभागों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे और समय पर बेहतर चिकित्सा मिल सकेगी। डॉ. मुकेश मौर्य और डॉ. रजत कुमार साहू ने बताया संस्थान की यह पहल मायोसाइटिस से पीड़ित मरीजों के लिए राहत लेकर आएगी और उन्हें विशेषज्ञ मार्गदर्शन के साथ बेहतर जीवन जीने में मदद करेगी।

### आज लोहिया संस्थान के 665 नर्सिंग ऑफिसरों को मिलेगा नियुक्ति पत्र

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. राम मनहोर डॉ.राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में चयनित 665 नर्सिंग ऑफिसरों की ज्वाइनिंग का रास्ता आखिरकार साफ हो गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। इस खबर से चयनित नर्सिंग ऑफिसरों में खुशी की लहर दौड़ गई है। नियुक्ति में देरी की खबर सामने आने के बाद संस्थान प्रशासन और शासन स्तर पर हलचल मच गई थी। इसके बाद तेजी से कार्रवाई करते हुए नियुक्ति पत्र वितरण की तिथि तय की गई।

दरअसल, यह भर्ती प्रक्रिया पिछले छह माह से लंबित थी। लोहिया संस्थान में 1300 से अधिक बेड हैं और अधिकांश समय सभी बेड भरे रहते हैं। आईसीयू, वेंटिलेटर, किडनी ट्रांसप्लांट और रोबोटिक सर्जरी जैसी उन्नत सुविधाओं के चलते प्रदेश भर से बड़ी संख्या में मरीज यहां इलाज के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में नर्सिंग स्टाफ की कमी लंबे समय से महसूस की जा रही थी।



ऐशबाग रामलीला मैदान के तुलसी मंच पर श्रीकृष्ण लीला में युधिष्ठिर के राज्याभिषेक की झांकी। अमृत विचार

# सौ गलतियां करते ही लीलाधर ने दिया शिशुपाल को दंड

## चैती महोत्सव में द्रौपदी के चीरहरण का मंचन, नारी सम्मान के लिए दौड़े आए भगवान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** ऐशबाग रामलीला मैदान में चल रहे चैती महोत्सव के तुलसी रंग मंच पर शनिवार को कृष्ण लीला का मंचन युधिष्ठिर के राजसूय यज्ञ से हुआ। यहां श्री कृष्ण की मुलाकात शिशुपाल से होती है। श्रीकृष्ण को देखते ही शिशुपाल उन पर अपशब्दों की बौछार कर देता है। परंतु श्रीकृष्ण मौन रहते हैं क्योंकि उन्होंने अपनी मौसी (शिशुपाल की मां) को उनके बेटे की सौ गलतियों को क्षमा करने का वचन दिया था। जैसे ही शिशुपाल सौ गलतियों की सीमा को पार करता है तभी श्रीकृष्ण अपने सुदर्शन चक्र से उसका वध कर देते हैं। शनिवार को चैती महोत्सव के मंच का आरंभ ध्वनि फाउंडेशन की निदेशक ऋचा तिवारी ने अपने शिष्य शिष्याओं के साथ किया। दूसरी प्रस्तुति डांस स्फेयर की शिक्षिका स्वाति श्रीवास्तव के निर्देशन में दी गई जिसे उन्होंने अपने 40 शिष्य कलाकारों के साथ तुलसी रंगमंच पर गणेश जी की स्तुति के साथ आरंभ किया।

### आज होगा कीचक वध

- ऐशबाग रामलीला समिति के अध्यक्ष हरीशचन्द्र अग्रवाल ने बताया कि रविवार को श्रीकृष्णलीला में "कीचक वध, दुर्योधन के अनुरोध पर श्रीकृष्ण द्वारा अपनी चतुरंगिणी सेना उसे देना, श्रीकृष्ण का शांतिदूत बनकर हस्तिनापुर जाना, दुर्योधन द्वारा कृष्ण को बंदी बनाने का प्रयास करना व श्रीकृष्ण द्वारा विराट स्वरूप के दर्शन देना" जैसी प्रमुख लीलाओं को मंचित किया जाएगा।

### मुनाल महोत्सव में दिखा गढ़वाली होली का आकर्षण

- **अमृत विचार, लखनऊ :** लुप्त हो रही लोक संस्कृति के संरक्षण व संवर्धन में लगी संस्था मुनाल की ओर से सर्वोदय नगर स्थित लिबर्टी पार्क में शनिवार को तीन दिवसीय मुनाल महोत्सव शुरू हुआ। एमएलसी संतोष सिंह, अवनीश सिंह पटेल और मुनाल के निदेशक विक्रम बिष्ट ने शनिवार को दीप प्रज्ज्वलित कर महोत्सव का शुभारम्भ किया। महोत्सव के पहले दिन भोजपुरी लोक गायक संतोष कुमार, समाजसेवी आशा शुक्ला (पत्नी विधायक राम कुमार शुक्ला), पूर्व सभासद मनोज अवस्थी आदि को अंगवस्त्र, प्रतीक चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा इस प्रकार के कार्यक्रम से कलाकारों का मनोबल बढ़ता है। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत यशभारती ऋचा जोशी ने राम के भजन राम ही राम को अच्छे अंदाज में गाकर भक्तिमय माहौल बना दिया। दमयंती नेगी के निर्देशन में गढ़वाल का होली नृत्य विनोद रावत, हेमा पांचाल, अनीता नेगी, अनीता सिंह, आशा देवी, राखी बिष्ट, सुनीता बिष्ट आदि ने प्रस्तुत किया।

# टीकाकरण वयस्क और बुजुर्गों के लिए भी जरूरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लोहिया संस्थान में आयोजित सम्मेलन में विशेषज्ञों ने दी नियमित वैक्सीनेशन व बूस्टर डोज की सलाह

**अमृत विचार :** बदलती जीवनशैली, बढ़ते प्रदूषण और नई बीमारियों के खतरे के बीच अब टीकाकरण केवल बच्चों तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि वयस्कों और बुजुर्गों के लिए भी उतना ही आवश्यक हो गया है। डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के निदेशक डॉ. सीएम सिंह ने एडल्ट इम्यूनाइजेशन को स्वास्थ्य सुरक्षा की अहम कड़ी बताया।

शनिवार को संस्थान के प्रेक्षागृह में इंडियन सोसायटी फार एडल्ट इम्यूनाइजेशनके तत्वावधान में दो दिवसीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान विशेषज्ञों ने वयस्कों में टीकाकरण की आवश्यकता पर विस्तार से चर्चा की। डॉ. सीएम सिंह ने बताया कि उम्र बढ़ने के साथ रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती जाती है, जिससे संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में टीकाकरण न केवल गंभीर बीमारियों से बचाव करता है, बल्कि उनके प्रभाव को भी कम करता है। उन्होंने विशेष रूप से इन्फ्लुएंजा, हेपेटाइटिस बी, निमोनिया और टिटनेस जैसी बीमारियों के खिलाफ टीकों को प्रभावी बताया।

संस्थान के कम्युनिटी मेडिसिन विभागाध्यक्ष डॉ. एसडी कांडपाल ने कहा कि बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं, मधुमेह और हृदय रोग से ग्रस्त लोगों के लिए टीकाकरण और भी ज्यादा जरूरी हो जाता है। इसके अलावा स्वास्थ्यकर्मियों और अधिक यात्रा करने वाले लोगों को भी नियमित रूप से वैक्सीन लेने की सलाह दी जाती है। वहीं एसजीपीजीआई के निदेशक डॉ. आरके धीमन ने कहा कि एडल्ट इम्यूनाइजेशन से न केवल व्यक्ति, बल्कि परिवार और समाज भी सुरक्षित रहता है। उन्होंने लोगों से अपनी उम्र, स्वास्थ्य स्थिति और जोखिम के आधार पर टीकाकरण की योजना बनाने और समय-समय पर बूस्टर डोज लेने की अपील की। दिल्ली एम्स के डॉ. सजय राय ने बताया कि टीकाकरण से अस्पताल में भर्ती होने और इलाज के खर्च का जोखिम कम होता है। कई गंभीर बीमारियों को वैक्सीन के माध्यम से रोका जा सकता है, जिससे दीर्घकालिक स्वास्थ्य बेहतर बना रहता है।

## सिटी डायरी



शिविर में जांच करते हुए चिकित्सक।

### आयुर्वेदिक कॉलेज टुडियागंज में स्वर्णप्राशन व निःशुल्क जांच शिविर

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजकीय आयुर्वेद कॉलेज टुडियागंज में शनिवार पुष्य नक्षत्र के अवसर पर स्वर्णप्राशन शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान बाल रोग ओपीडी में 12 वर्ष तक के बच्चों को स्वर्णप्राशन की खुराक दी गई। चिकित्सालय प्रभारी डॉ. धर्मेंद्र ने बताया कि बाल रोग विभागाध्यक्ष प्रो. महेश नारायण गुप्त की देखरेख में 160 बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया गया, जिससे उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के साथ-साथ शारीरिक एवं मानसिक विकास में सहायता मिलती है। इस मौके पर चिकित्सा विभाग द्वारा नि :शुल्क यूरिक एसिड जांच शिविर का भी आयोजन किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ. शरद जौहरी के नेतृत्व में 70 मरीजों की जांच कर उन्हें नि :शुल्क औषधि वितरित की गई। साथ ही मरीजों को पथ्य-अपथ्य के बारे में भी जागरूक किया गया।



तेलुगु एसोसिएशन के निर्वाचत पदाधिकारी।

### तेलुगु एसोसिएशन के अध्यक्ष बने के रविंदर

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजधानी लखनऊ में तेलुगु समुदाय के लिए एक नए अध्याय की शुरुआत हुई है। तेलुगु एसोसिएशन लखनऊ ने व्हील्स क्लब में आयोजित आम सभा में अपनी नई कार्यकारिणी समिति की घोषणा की। इस सभा में लखनऊ के तेलुगु प्रवासियों की उल्लेखनीय मौजूदगी रही और देश के शीर्ष नौकरशाहों एवं चिकित्सा विशेषज्ञों को संगठन की बागडोर सौंपी गई। नवगठित कार्यकारिणी में वरिष्ठ भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी एल वेंकटेश्वरलु को मुख्य संरक्षक बनाया गया। के रविंदर नाइक (आईएएस) को सर्वसम्मति से संगठन का अध्यक्ष, एनसी रेल की पूर्व सीएमडी डॉ. के सुधा राव आयर सतीश को उपाध्यक्ष और वरिष्ठ शिक्षाविद सुधाकर रेड्डी को संगठन का महासचिव चुना गया है।



भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते भक्त।

### मनमोहक झांकियों ने बांधा समा

**अमृत विचार, निगोहां :** क्षेत्र के अमलिहा खेड़ा गांव में श्री बाला जी महाराज मंदिर सेवा समिति की ओर से नवमी पर शुक्रवार रात प्रथम विशाल मां भगवती जागरण का आयोजन किया गया। इसके साथ ही आयोजित भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। रात भर चले जागरण में निगोहां समेत आसपास के दर्जनों गांवों से पहुंचे महिला-पुरुष भक्ति में सराबोर नजर आए। पूरा पंडाल "जय माता दी" के जयकारों से गूंजता रहा। कार्यक्रम की खास बात यह रही कि इसमें मुस्लिम महिलाएं भी शामिल हुईं, जिससे आपसी भाईचारे और सद्भाव का संदेश देखने को मिला।



मिशन शक्ति कार्यक्रम में शामिल महिलाओं के साथ महिला पुलिसकर्मी।

### किया जागरूक

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** मिशन शक्ति 5 .0 अभियान के तहत शनिवार को सरोजनीनगर और बंथरा पुलिस ने महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाया। सैनिक तिराहा पर पुलिस टीम ने महिलाओं, बालिकाओं से जुड़े अधिकारों और सेवाओं की जानकारी दी। महिला उपनिरीक्षक पूजा यादव, निर्देश राजपूत तथा महिला आरक्षी सुनीता यादव व सविता देवी ने पिंक बूथ, महिला हेल्प डेस्क और मिशन शक्ति केंद्र की जानकारी दी।

# शहर के प्रमुख मंदिरों से निकाली गई शोभा यात्राएं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- श्री दुर्गाजी मंदिर से निकाली भव्य ज्योति विसर्जन शोभा यात्रा
- जागरण सेवा समिति ने किया भंडारे का आयोजन

**अमृत विचार:** नवरात्र के समापन के अवसर पर शहर के विभिन्न मंदिरों से भव्य शोभा यात्राएं निकाली गईं। भक्तों ने श्रद्धा और उत्साह के साथ यात्रा में नृत्य किया और माता दुर्गा के जयकारे लगाए। रकाबगंज स्थित चुन्नीलाल धर्मशाला के अंतर्गत जागरण सेवा समिति ने भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया। वहीं, शहर के चौक क्षेत्र में भी श्रद्धालुओं ने यात्रा निकालकर उत्सव को और भव्य बनाया। श्रद्धालु इस अवसर पर ज्योति का काला तिलक भी लगवाते हैं। नवरात्र के समापन पर भव्य शोभा





श्री दुर्गा जी मंदिर से निकलती ज्योति विसर्जन शोभा यात्रा में शामिल भक्त

यात्रा के जरिए ज्योति को कुड़िया घाट विसर्जन के लिए ले जाया गया। शनिवार को मंदिर के श्रद्धालु शोभा यात्रा द्वारा कुड़िया घाट पहुंचे और मां ज्वाला जी की ज्योति का विसर्जन गोमती नदी में कर किया गया।

### भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

- शोभा यात्रा के साथ ही कई स्थानों पर भंडारे का आयोजन भी किया गया। इसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने माता के प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। प्रतिवर्ष नवरात्र के दौरान ज्वालादेवी जम्मू से मां ज्वाला जी की पावन ज्योति लखनऊ लाई जाती है। ज्योति को चारबाग से दुर्गाजी मंदिर तक भव्य शोभा यात्रा के माध्यम से लखनऊ वासियों के दर्शन कराए जाते हैं। मंदिर में नवरात्र के नौ दिनों तक भक्तों को माता दुर्गा के साथ-साथ ज्वाला जी की ज्योति के दर्शन कराए जाते हैं।

### डेंटल जांच शिविर में 21 कर्मियों की जांच

**अमृत विचार, लखनऊः** ऐशबाग रेलवे पॉली क्लीनिक में स्वास्थ्य परीक्षण और डेंटल चेक-अप शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डॉ. रंजना पाटनी और डॉ. रुचिका किशोर द्वारा कुल 21 सफाई मित्रों की जांच की गई, जिनमें 13 पुरुष और 8 महिला कर्मचारी शामिल रहे। जांच के दौरान 3 कर्मचारियों में दांतों में सड़न, 15 में ओरल सबम्यूकस फाइब्रोसिस, जबकि एक-एक कर्मचारी में उच्च रक्तचाप, मोटापा और सीओपीडी की पहचान हुई। सभी प्रभावित कर्मचारियों को आवश्यक चिकित्सीय परामर्श और उपचार संबंधी सुझाव प्रदान किए गए।

**कार्यक्रम** ऐशबाग में लखनऊ व्यापार मंडल ने आयोजित किया होली-ईद मिलन समारोह

# यहियागंज के व्यापारियों को मिला भामाशाह सम्मान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** राजधानी के सबसे पुराने बाजार यहियागंज व्यापार मंडल की ओर से शनिवार को होली एवं ईद मिलन समारोह का आयोजन जगदीशपुर धर्मशाला कोयला मंडी ऐशबाग में किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में व्यापारियों की मौजूदगी रही। यहियागंज बाजार को विकास रथ पर दौड़ाने वाले अनुभवी व्यापारियों को भामाशाह सम्मान से नवाजा गया।





कार्यक्रम के दौरान सम्मानित किए गए व्यापारी। अमृत विचार

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महापौर सुषमा खर्कवाल ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम समाज में सौहार्द, एकता एवं आपसी विश्वास को सुदृढ़ करते हैं। अध्यक्षता कर रहे यहियागंज व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र ने कहा कि यहियागंज बाजार प्रदेश की सबसे बड़ी एवं ऐतिहासिक बाजारों में से एक है। अतिथियों में चेयरमैन राजेन्द्र कुमार अग्रवाल, सतीश अग्रवाल, पवन मनोचा, विनोद महेश्वरी, अनुराग मिश्र, अभिषेक खरे, उमेश शर्मा, स्टेशनरी एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह चौहान, लखनऊ फायर एसोसिएशन के महामंत्री सतीश मिश्रा, मनीष गुप्ता, वरिष्ठ महामंत्री सुमित गुप्ता, प्रियंक गुप्ता उपस्थित रहे। युवा अध्यक्ष कुश मिश्रा, वरिष्ठ महामंत्री समीर जैन, सनी लालवानी, विशाल गुप्ता, जितेन्द्र सुमानी, नीरज गुप्ता, प्रशान्त गर्ग, नरेश कुमार, अनस शम्सी, संजय अग्रवाल, युवा अध्यक्ष कुश मिश्रा, समीर जैन आदि व्यापारी मौजूद रहे।

### इन्हें मिला सम्मान

- वरिष्ठ व्यापारियों में सुनील कुमार, टीकम सुमानी, अशोक कुमार गुप्ता, मुन्नू लाल गुप्ता, सखावत अली, विपिन रस्तोगी, हरिशंकर जायसवाल, सुधीर रस्तोगी, प्रभात चन्द्र रस्तोगी, सतीश गोयल, दिनेश चन्द्र गुप्ता, पवन अग्रवाल, हरीश अग्रवाल, घनश्याम गुप्ता, अरविन्द गुप्ता, सतीश चन्द्र मिश्रा, वेदनाथ गुप्ता, दिनेश कुमार कन्नौजिया एवं वंशीधर शुक्ला को 'भामाशाह सम्मान' से अलंकृत किया गया।

## सिटी ब्रीफ

### अटल आवासीय विद्यालय में काउंसलिंग 4 से

अमृत विचार, लखनऊ : अटल आवासीय विद्यालय का प्रवेश परिणाम घोषित होने के बाद अब दाखिले की प्रक्रिया शुरू हो गई है। विद्यालय में चयनित छात्र-छात्राओं के लिए काउंसलिंग 4 से शुरू होगी, जो 8 अप्रैल तक चलेगी। काउंसलिंग के दौरान प्रवेश परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा। सभी आवश्यक जांच पूरी होने के बाद ही अंतिम रूप से प्रवेश दिया जाएगा। इस प्रक्रिया को पारदर्शी और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए गए हैं। सहायक श्रमायुक्त शिप्रा चतुर्वेदी के अनुसार, इस वर्ष कक्षा 6 में 160 छात्र-छात्राओं को प्रवेश दिया जाएगा, जबकि कक्षा 9 में 140 सीटों पर दाखिले होंगे। इस प्रकार कुल 300 छात्र-छात्राएं नए सत्र में विद्यालय का हिस्सा बनेंगे। विद्यालय प्रशासन ने अभ्यर्थियों और अभिभावकों से निर्धारित तिथियों पर आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होने की अपील की है, ताकि प्रवेश प्रक्रिया समय पर पूरी हो सके। नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत मई माह से की जाएगी।

### धूप के बंद दरवाजे का लोकार्पण आज

**अमृत विचार, लखनऊ :** जनवादी लेखक संघ की ओर से 29 व 30 मार्च को कैफ़ी आज़मी अकादमी में साहित्यिक आयोजन किया जाएगा। पहले दिन शालिनी सिंह की पुस्तक धूप के बंद दरवाजे का विमोचन होगा और दूसरे दिन सुभाष राय की पुस्तक आत्मसंभवा आंडाल का विमोचन होगा।प्रो. नलिन रंजन सिंह ने बताया कि पहले दिन शालिनी सिंह की पुस्तक धूप के बंद दरवाजेके विमोचन के बाद पुस्तक पर होने वाली चर्चा में रीता चौधरी, विशाल श्रीवास्तव और विभु प्रकाश सिंह शामिल होंगे। इस सत्र का संचालन सलमान खयाल करेंगे। द्वितीय सत्र में शालू शुक्ला के संचालन में कविता पाठ होगा जिसमें अनिल मिश्र, विशाल श्रीवास्तव, सीमा सिंह, अनुजा शुक्ला और अवंतिका सिंह शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि दूसरे दिन 30 मार्च को सुभाष राय की पुस्तक आत्मसंभवा आंडाल का विमोचन होगा। पुस्तक पर होने वाली चर्चा में जीवन सिंह, देवेंद्र, नलिन रंजन सिंह और प्रीति चौधरी शामिल होंगे। इस सत्र का संचालन ज्ञान प्रकाश चौबे करेंगे। दोनों दिन कार्यक्रम के समय सेतु प्रकाशन की पुस्तकें पाठकों को छूट के साथ मिलेंगी।

### पीपीटी प्रस्तुति और परिचर्चा आज

**अमृत विचार, लखनऊ :** ललित कला अकादमी के अलीगंज स्थित क्षेत्रीय केन्द्र और राज्य ललित कला अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तृतीय प्रिंट बिनाले इंडिया के कोलेटरल प्रोग्राम के तहत राष्ट्रीय छापा कला शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसमें आमंत्रित कलाकारों पद्मश्री प्रो. श्याम शर्मा ( पटना), डॉ. संजीव किशोर गौतम (दिल्ली), डॉ. महेश सिंह (वाराणसी), रंजन विश्वकर्मा (प्रयागराज), दिलीप तामोली (गुवाहाटी), त्रिभुवन कुमार (मऊ), अनंत कुमार साह (छत्तीसगढ़), दीपक चारव (हरियाणा), प्रवीण शर्मा (शिमला) के कला जगत में किए गए कार्यों एवं उनकी कृतियों की पीपीटी प्रस्तुति एवं परिचर्चा का आयोजन रविवार को शाम 5 बजे से किया जाएगा। इस अवसर पर केन्द्र एवं नगर के कलाकार और कला के शोधार्थी मौजूद रहेंगे।

### शकुन्तला विवि में कार्यशाला का आयोजन

अमृत विचार , लखनऊ : डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में बौद्धिक अक्षमता विभाग की ओर से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। विभागाध्यक्ष डॉ. कौशल शर्मा की देखरेख में आयोजित कार्यक्रम में संबद्ध महाविद्यालयों के संकाय सदस्यों ने भाग लिया। कार्यशाला में बीएड विशेष शिक्षा (आईडी) एवं एमएड विशेष शिक्षा के संशोधित पाठ्यक्रम की जानकारी दी गई और शिक्षकों को तैयार करने पर प्रशिक्षण दिया गया। इसमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (एनईपी 2020) और रिहैबिलिटैशन काउंसिल ऑफ इंडिया (आरसीआई) के मानकों के अनुरूप पाठ्यक्रम की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में पाठ्यक्रम की संरचना, अधिगम परिणाम, सरल और नई शिक्षण विधियां, मूल्यांकन के तरीके तथा समर्थ पोर्टल के उपयोग पर विशेष ध्यान दिया गया। प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से चर्चा में भाग लेते हुए अपने अनुभव साझा किए और बेहतर शिक्षण के सुझाव दिए। विशेषज्ञों ने पाठ्यक्रम संरचना एवं क्रेडिट प्रणाली, समावेशी शिक्षण, प्रैक्टिकम एवं इंटर्नशिप, मूल्यांकन पद्धति और डिजिटल प्लेटफॉर्म के उपयोग जैसे विषयों पर महत्वपूर्ण जानकारी दी।

# सख्ती बेअसर: सीएचसी में धड़ल्ले से लिखी जा रहीं बाहर की दवाएं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के निर्देशों के बावजूद नहीं थम रही मनमानी, महंगी दवाओं से मरीज परेशान

> अस्पताल में सभी प्रकार की जरुरी दवाएं उपलब्ध हैं। इसके बावजूद यदि बाहर की दवाएं लिखी जा रहीं हैं तो जांच कराकर सम्बंधित डॉक्टर के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।
>
> -डॉ. एनबी सिंह, सीएमओ

**अमृत विचार :** उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की सख्त हिदायतों के बावजूद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) पर बाहर की दवाएं लिखने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) इस पर प्रभावी अंकुश लगाने में नाकाम साबित हो रहे हैं।

मरीजों का आरोप है कि सरकारी अस्पताल पहुंचने के बाद उन्हें पहले घंटों इंतजार करना पड़ता है। किसी तरह डॉक्टर तक पहुंचने के बाद भी उन्हें बाहर से महंगी दवाएं खरीदने के लिए मजबूर किया जाता है, जो उनके बजट से बाहर होती हैं। ऐसे में कई मरीज इलाज अधूरा छोड़ने को विवश हो जाते हैं।


बीते दिनों उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने स्पष्ट निर्देश दिए थे कि सरकारी अस्पतालों में किसी भी स्थिति में बाहर की दवाएं न लिखी जाएं। उन्होंने कहा था कि आवश्यकता पड़ने पर केवल जेनरिक दवाएं ही लिखी जाएं, जो जन औषधि केंद्रों पर सस्ती दरों पर उपलब्ध हों। साथ ही चेतावनी दी थी कि आदेशों का उल्लंघन करने वाले चिकित्सकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई, यहां तक कि बर्खास्तगी तक की जा सकती है।

इसके बावजूद जमीनी स्तर पर हालात नहीं सुधर रहे हैं। सीएचसी अलीगंज में शुक्रवार को पर्चा पंजीकरण संख्या 20250024242 पर आयरन सप्लीमेंट सिरप बाहर से खरीदने के लिए लिखा गया, जबकि संबंधित दवा अस्पताल में उपलब्ध बताई जा रही है।

वहीं, सीएचसी अलीगंज में ही एक प्रसूता के तीमारदार का कहना है कि सिजेरियन प्रसव के बाद छुट्टी के समय डॉक्टर ने करीब 1300 रुपये की दवाएं बाहर से लिख दीं। इस मामले का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें तीमारदार खुले तौर पर बाहर की दवाएं लिखने का आरोप लगाता नजर आ रहा है।



मरीज रमेश




रमेश का पर्चा

### माल सीएचसी का एक रुपये का पर्चा ढीली कर रहा जेब

**अमृत विचार, माल :** माल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में पंजीकरण संख्या 14085 वाले मरीज रमेश ने बताया कि उन्हें डॉक्टर को दिखाने के लिए करीब दो घंटे तक मशक्कत करनी पड़ी। जांच के बाद डॉक्टर ने सरकारी पर्चे पर ही दो दवाएं बाहर से खरीदने के लिए लिख दीं। दोनों दवाओं की दस-दस गोलियां लेने की सलाह दी गई। पास के निजी मेडिकल स्टोर पर इन दवाओं की कीमत 200 रुपये बताई गई। आर्थिक तंगी के चलते रमेश केवल पांच-पांच गोलियां ही खरीद सके। उन्होंने बताया कि वह मजदूरी कर अपना जीवन यापन करते हैं और इतना महंगा इलाज कराना उनके लिए संभव नहीं है। वहीं, पंजीकरण संख्या 12835 वाले मरीज राजेंद्र ने भी इसी तरह की समस्या बताई। उन्होंने कहा कि डॉक्टर ने उन्हें 220 रुपये की दवाएं बाहर से खरीदने के लिए लिखीं। राजेंद्र ने आरोप लगाया कि यह पहली बार नहीं है, इससे पहले भी उन्हें कई बार महंगी दवाएं बाहर से खरीदनी पड़ी हैं। मरीजों का कहना है कि सरकारी अस्पताल में मुफ्त इलाज और दवा की उम्मीद लेकर आने वाले लोगों को यहां निराशा हाथ लग रही है। यदि यही स्थिति रही तो गरीब और मजदूर वर्ग के लिए इलाज कराना और भी मुश्किल हो जाएगा।

# एलएसजी और दिल्ली कैपिटल्स के मुकाबले की तैयारी जोरों पर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पहली अप्रैल को इकाना स्टेडियम में एलएसजी भिड़ेगी दिल्ली कैपिटल्स से
- 30 को राजधानी पहुंचेगी दिल्ली कैपिटल्स की टीम

**अमृत विचार:** आईपीएल का उत्साह लखनऊ में चरम पर पहुंच गया है। एक अप्रैल को अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में मेजबान लखनऊ सुपरजायंट्स (एलएसजी) और दिल्ली कैपिटल्स के बीच होने वाले मुकाबले की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। एलएसजी पिछले दस दिनों से मैदान पर अपनी तैयारियों को धार दे रही है। वहीं, दिल्ली कैपिटल्स की टीम 30 मार्च को लखनऊ पहुंचकर अगले दिन अभ्यास करेगी। शनिवार को स्टेडियम में फ्लड लाइट्स के बीच अभ्यास मैच हुआ। कप्तान ऋषभ पंत, ग्लोबल डायरेक्टर टॉम मूडी और हेड कोच जस्टिन लैंगर की मौजूदगी में खिलाड़ियों ने अपनी फिटनेस और फॉर्म का परिचय दिया। टीम प्रबंधन अंतिम एकादश चयन को लेकर गहन चर्चा करता नजर आया। एलएसजी की सबसे बड़ी ताकत उसका विस्फोटक बल्लेबाजी क्रम है। टीम में विदेशी दिग्गज मिचेल मार्श, एडन मार्करम और निकोलस पूरन शामिल हैं, जो किसी भी गेंदबाजी आक्रमण को चुनौती दे सकते हैं। मध्यक्रम में कप्तान ऋषभ पंत, आयुष बदोनी और अब्दुल समद बल्लेबाजी में भरपूर योगदान देंगे। गेंदबाजी विभाग की कमान अनुभवी मोहम्मद शमी के हाथ में है, जबकि मयंक यादव, मोहसिन खान और आवेश खान की तेज़ गेंदबाजी विपक्षी टीम के लिए चुनौती होगी। स्पिन गेंदबाजी का जिम्मा दिग्वेश राठी संभालेंगे।

### बिक चुके हैं पचास प्रतिशत टिकट

- 50 हजार दर्शकों की क्षमता वाले इकाना स्टेडियम के लगभग साठ प्रतिशत टिकट बिक चुके हैं। ऑनलाइन टिकट बुकिंग में हो रही असुविधा को देखते हुए एलएसजी ने हजरतगंज मेट्रो स्टेशन और प्लासियो मॉल में ऑफलाइन काउंटर खोले हैं, जो सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक खुलेंगे। इस बार पहली बार एम-टिकट (मोबाइल टिकट) की सुविधा भी उपलब्ध है, जिसे बुक माई शो के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है। दर्शक मैच में न आ पाने की स्थिति में मैच से तीन घंटे पहले अपना टिकट डिजिटल रूप से किसी करीबी को ट्रांसफर भी कर सकते हैं।

### मावरिक्स की 178 रन से जीत, जायंट्स, ऑरेंज और नियोन भी विजयी

**अमृत विचार , लखनऊ :** रोहित चतुर्वेदी मेमोरियल अंडर-13 क्रिकेट प्रतियोगिता में शनिवार को खेले गए मुकाबलों में सीएएल मावरिक्स, जायंट्स, ऑरेंज और नियोन ने शानदार जीत दर्ज की। दिन का सबसे प्रभावशाली प्रदर्शन मावरिक्स का रहा, जिसने किंग्स को 178 रनों के बड़े अंतर से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए मावरिक्स ने 326 रन बनाए। मोहम्मद फैसल ने 102 रनों की शानदार शतकीय पारी खेली, जबकि शौर्यवीर सिंह ने 92 रन जोड़े। जवाब में किंग्स की टीम 22 .4 ओवर में 148 रन पर सिमट गई। गेंदबाजी में शाश्वत ने तीन विकेट, जबकि आयुष और सोहम ने दो-दो विकेट लिए। दूसरे मुकाबले में जायंट्स ने इंपीरियल्स को 19 रनों से हराया। 161 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंपीरियल्स 142 रन पर ऑलआउट हो गई। आदित्य प्रताप सिंह ने 52 और आदित्य पाल ने 41 रन बनाए।

# कुसुम पाठक चेयरपर्सन व डॉ. अतुल बने महासचिव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** लखनऊ योग स्पोर्ट्स एसोसिएशन की बैठक राजाजीपुरम में आयोजित की गई, जिसमें संगठन के नए पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से चयन किया गया। बैठक की अध्यक्षता डॉ. एसपी सिंह ने की, जबकि पर्यवेक्षक के रूप में उत्तर प्रदेश योग स्पोर्ट्स एसोसिएशन के महासचिव एके सक्सेना मौजूद रहे।

बैठक में डॉ. अतुल कृष्णदेव को महासचिव और कुसुम पाठक को चेयरमैन चुना गया। साथ ही, पूर्व महासचिव ललित प्रकाश पाण्डेय की ओर से दिए गए इस्तीफे को सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया गया। बैठक में अरविंद प्रधान, महताब आलम, सुधीर शर्मा, हीरालाल केशवानी, सुमन चौधरी, मनोज कुमार बाजपेयी, अशोक कुमार, डॉ. अतुल कृष्णदेव, राजेश कुमार वर्मा, राजन मिश्रा, ऋचा गुप्ता, योगेंद्र चौधरी और प्राची गुप्ता सहित कई सदस्य मौजूद रहे।

# लविवि :वर्ष में दो बार होगा पीएचडी में प्रवेश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** लखनऊ विश्वविद्यालय में अब प्रत्येक वर्ष दो बार एचडी में प्रवेश लियाजाएगा। विश्वविद्यालय के विद्या परिषद ने नए 'पी.एच.डी. अध्यादेश 2026' को मंजूरी प्रदान कर दी है। कुलपति प्रो. जे.पी. सैनी की अध्यक्षता में इस बैठक का आयोजन किया गया जिसमें महत्वपूर्ण फैसले किए गए।

लखनऊ विश्वविद्यालय अब साल में दो बार (मई और दिसंबर) पी.एच.डी. प्रवेश अधिसूचना जारी करेगा । प्रवेश को तीन चरणों में व्यवस्थित किया गया है। प्रथम चरणः यूजीसी-जेआरएफ, सीएसआईआर-जेआरएफ, आईसीएमआर, डीबीटी और एआईसीटीई डॉक्टोरल फेलोशिप प्राप्त अभ्यर्थी । द्वितीय चरणः प्रथम चरण के बाद रिक्त सीटों पर वे अभ्यर्थी जो सहायक प्रोफेसर या पी.एच.डी. प्रवेश के लिए यूजीसी-नेट/सीएसआईआर-नेट उत्तीर्ण हैं । तृतीय चरणः शेष सीटों के लिए विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित शोध प्रवेश परीक्षा के माध्यम से प्रवेश होगा।

अकादमिक लचीलेपन को बढ़ावा देते हुए, अब 4-वर्षीय, 8-सेमेस्टर स्नातक डिग्री वाले मेधावी छात्र पी.एच.डी. में प्रवेश ले सकते हैं ।

### 'फास्ट लर्नर' को विशेष रियायत

- अध्यादेश में शोध की न्यूनतम अवधि 3 वर्ष और अधिकतम 6 वर्ष रखी गई है । हालांकि, असाधारण प्रतिभा वाले 'फास्ट लर्नर' शोधार्थियों के लिए कुलपति की अनुमति से थीसिस जमा करने की अवधि में 6 महीने की कटौती की जा सकती है ।

# रामलला के दर्शन के बाद काव्य की रसधार बहाएंगे 51 युवा कवि

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** युवा प्रतिभाओं को मंच देने और उनकी प्रतिभा को विस्तार देने वाले युवा साहित्य चेतना मंच के तत्वावधान में रविवार को सुबह 9:30 बजे लखनऊ से 51 युवा कवियों का दल बस द्वारा रामलला के दर्शन करने अयोध्या जाएगा। हास्य कवि अमित अनपढ़ ने बताया कि बख्शी का तलब स्थित एसआर कालेज से बीएस अयोध्या के लिए रवाना होगी।

अयोध्या जाने वाले कवियों में संयोजक अमित अनपढ़ (लखनऊ), ध्रुवल श्रीवास्तव, शिखा सिंह ''प्रज्ञा'', हेमा पाण्डेय, हिमांशु लखनवी, शुभेंद्र सिंह, सलोनी पटेल, अरुण पाल, सरोज पाल, नंदनी पाल, करन पाल, शिव कुमारी पाल, मंजू शुक्ला ( सभी लखनऊ), डॉ. अनामिका वैश्य आईना, दीपक शर्मा ''सार्थक'', नवनीत मिश्र ''नवल'', दिवाकर राज, मुनेंद्र कुमार, अशोक अविरल, शिवांश सुंदरम आदि शामिल हैं।



विजेता खिलाड़ी पुरस्कारों के साथ। अमृत विचार

# उलटफेर भरे मुकाबलों में वंश बने एकल चैंपियन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- युगल में नंदल-मयंक की जोड़ी विजेता

अमृत विचार : स्वरूप अग्रवाल मेमोरियल आईटा पुरुष प्राइजमनी टेनिस टूर्नामेंट में एकल और युगल दोनों वर्गों में रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। एकल वर्ग में दिल्ली के गैर वरीय खिलाड़ी वंश बिष्ट ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया, जबकि युगल में वंश नंदल और मयंक शर्मा की जोड़ी विजेता रही।

इंडिया पेस्टीसाइड्स लिमिटेड के सहयोग से आयोजित इस टूर्नामेंट के एकल फाइनल में वंश बिष्ट ने शीर्ष वरीय मयंक शर्मा को 6-2, 4-6, 6-4 से हराया। मुकाबले में बिष्ट ने संयम और आक्रामक खेल का बेहतरीन संतुलन दिखाया। वहीं युगल फाइनल में वंश नंदल और मयंक शर्मा की जोड़ी ने शुरुआती सेट गंवाने के बाद वापसी करते हुए मुकिल रामानन और रिकी चौधरी को 1-6, 6-3, 10-6 से हराकर खिताब जीता।

इसके साथ ही टैलेंट हंट टेनिस टूर्नामेंट के विभिन्न आयु वर्गों के मुकाबले भी आयोजित हुए। अंडर-14 वर्ग में कृष्णा सिंह ने ईशान श्रीवास्तव को 4-0 से हराया। अंडर-16 में विराट सिंह ने रोहिन राज को 4-3 (8-6) से पराजित किया, जबकि अंडर-18 में अनुरुद्ध कुमार ने रोहिन राज को 4-1 से मात दी।

विजेताओं को ब्रिगेडियर डॉ. एके सिन्हा, पुनीत अग्रवाल, रामाकृष्णन और नरेंद्र ओझा ने पुरस्कृत किया। इस दौरान कई खेल अधिकारी और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### कथक नृत्य में दिखा होली का आकर्षण

**अमृत विचार , लखनऊः** भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय एवं भातखंडे एलुमनी एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में शताब्दी वर्ष के श्रंखलाबद्ध कार्यक्रमों के अन्तर्गत शनिवार को कलामण्डपम प्रेक्षागृह में विश्वविद्यालय की एलुमनी डॉ. मीरा दीक्षित के निर्देशन में कथक संध्या का आयोजन किया गया।इसमें डॉ. राघवेंद्र प्रताप सिंह ने एकल कथक नृत्य प्रस्तुत किया। स्तुति राम भजन तीन ताल में प्रस्तुत करने के बाद उन्होंने उपज, थाट, आमद, तिहाई, टुकड़े, प्रमेलु, परन और गत की मनोहारी प्रस्तुति दी। शिव भजन के साथ उन्होंने समापन किया। चित्रांगदा मिश्रा, सुरभि निगम, तनुश्री, अरिंदम सिंह और मोहित गौतम द्वारा प्रस्तुत समूह कथक नृत्य में होली का आकर्षण देखने को मिला। आज माई मोहन खेरें होरी गीत पर प्रस्तुत इस नृत्य का आकर्षण देखने लायक था। इसमें जौहर पाल (गायन), नितीश सिंह (तबला) और मोहम्मद जीशान (सारंगी) पर संगत कर रहे थे।

## सिटी डायरी



प्रतियोगिता का उद्घाटन करते उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के सचिव डॉ. आनंदेश्वर पाण्डेय।

### सर्वराज और अभिषेक ने क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोमती नगर के विजयंत खंड मिनी स्टेडियम में आयोजित द फ्रेंड्स कप टेनिस टूर्नामेंट के पहले दिन खिलाड़ियों का दबदबा देखने को मिला। एप्लॉम्ब की देखरेख और उत्तर प्रदेश टेनिस एसोसिएशन के सहयोग से आयोजित इस प्रतियोगिता में पुरुष एकल (30 वर्ष से अधिक आयु वर्ग) के मुकाबले एकतरफा रहे, जहां खिलाड़ियों ने अपनी फिटनेस और तकनीकी कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। टूर्नामेंट में अभिषेक ने आक्रामक सर्विस और बेहतरीन ग्राउंडस्ट्रोक्स के दम पर अपने प्रतिद्वंद्वी को 6-0, 6-0 से हराकर आसानी से क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। वहीं, सर्वराज ने कड़े मुकाबले में धैर्य और संयम का परिचय देते हुए 6-0, 7-6(4) से जीत दर्ज कर अंतिम आठ में प्रवेश किया। एक अन्य मुकाबले में स्टालिन ने सधे हुए खेल का प्रदर्शन करते हुए 6-3, 6-2 से जीत हासिल की ।



यूपी हैंडबाल महिला टीम के खिलाड़ी।

### खुशबू को महिला हैंडबॉल टीम की कमान

**अमृत विचार, लखनऊ :** 54वीं राष्ट्रीय सीनियर महिला हैंडबॉल चैंपियनशिप के लिए उत्तर प्रदेश महिला टीम की घोषणा कर दी गई है। प्रतियोगिता 30 मार्च से 3 अप्रैल तक बरेली में आयोजित होगी, जिसमें प्रदेश की टीम बेहतर प्रदर्शन के लक्ष्य के साथ उतरेगी। शनिवार को केडी सिंह बाबू स्टेडियम में खेल विभाग द्वारा आयोजित प्रशिक्षण शिविर के समापन के बाद टीम घोषित की गई। उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन के महासचिव डॉ. आनन्देश्वर पाण्डेय ने चयनित खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए बताया कि पिछली बार टीम ने कांस्य पदक जीता था। इस बार उससे बेहतर प्रदर्शन का लक्ष्य रखा गया है। टीम की कप्तानी खुशबू कुमारी को सौंपी गई है। खिलाड़ियों ने शिविर के दौरान कड़ी मेहनत की है और टीम संतुलित नजर आ रही है।



गोष्ठी में मौजूद लोग।

### संगोष्ठी आयोजित

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** सरोजनीनगर के बिजनौर स्थित गौतम बुद्ध डिग्री कॉलेज में शनिवार को ग्राम प्रधानों, स्थानीय प्राधिकारियों व प्रधानाध्यापकों की ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ एसडीएम अंकित शुक्ला ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर किया। कार्यक्रम में विकासखंड के ग्राम प्रधान, पार्षद, अभिभावक और शिक्षा विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। खंड शिक्षा अधिकारी आरपी यादव ने अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि ऐसे आयोजनों का उद्देश्य शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार और बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करना है।



उद्घाटन के मौके पर उप अंचल प्रबंधक संजू कुमारी व अन्य।

### बैंक ऑफ महाराष्ट्र की नई शाखा का उद्घाटन

अमृत विचार, लखनऊ : बैंक ऑफ महाराष्ट्र लखनऊ अंचल की ओर से कुर्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया में नई शाखा का उद्घाटन किया गया। यह शाखा लखनऊ अंचल की 56वीं और बैंक की 2277वीं शाखा है। उद्घाटन उप जिलाधिकारी बाराबंकी कार्तिकेय सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर उप अंचल प्रबंधक संजू कुमारी, क्षेत्रीय प्रबंधक, यूपीएसआईडीसी अजय दीप, विधु गुप्ता और प्रमित कुमार सिंह सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

शैक्षिक भ्रमण | मधुमक्खी पालन, वर्मी कम्पोस्ट व फूड प्रोसेसिंग का प्रशिक्षण

# किताबों से खेत तक पहुंचे छात्र, सीखा कृषि कौशल

संवाददाता,बख्शी का तालाब

**अमृत विचारः** नेशनल पीजी कॉलेज के बीएससी अंतिम वर्ष के करीब 60 छात्र-छात्राओं ने शनिवार को बख्शी का तालाब स्थित चंद्रभानु गुप्ता कृषि स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित शैक्षिक भ्रमण के दौरान कृषि एवं स्वरोजगार से जुड़े व्यावहारिक कौशल सीखे।भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को मधुमक्खी पालन, जैविक खाद निर्माण, वर्मी कम्पोस्ट, फूड प्रिजर्वेशन, बायोगैस निर्माण, अदरक व पुष्पों के एक्सट्रैक्ट तैयार करने तथा फलों की जेली बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही औषधीय पौधों की खेती की जानकारी भी दी गई।सह-आचार्य व आईक्यूएसी निदेशक डॉ.सत्येंद्र कुमार सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में गोबर गैस संयंत्र ऊर्जा का सस्ता व पर्यावरण अनुकूल साधन है। उन्होंने जैविक कीट प्रबंधन, कीट पहचान एवं इंडस्ट्रियल एंटोमोलॉजी की जानकारी भी दी।डॉ. हृदय नारायण तिवारी ने वर्मी कम्पोस्ट बनाने की विधि बताई, जबकि डॉ. धीरेंद्र कुमार सिंह ने मुर्गी पालन व डेयरी प्रबंधन की जानकारी दी। इस दौरान विद्यार्थियों को मौसम विज्ञान से जुड़े उपकरणों से भी अवगत कराया गया।

भोजन उपरांत डॉ.दीप्ति श्रीवास्तव ने फूड प्रिजर्वेशन के अंतर्गत जेली व एक्सट्रैक्ट बनाने का प्रशिक्षण दिया। इंजीनियर विपुल अग्रवाल ने सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया।प्राचार्य डॉ. योगेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि महाविद्यालय में वर्मी कम्पोस्ट, मशरूम कल्चर, मधुमक्खी पालन व फूड प्रोसेसिंग से संबंधित डिप्लोमा कोर्स संचालित हैं, जिनसे छात्र-छात्राएं आत्मनिर्भर बन सकते हैं।



छात्र - छात्राओं को गोबर गैस की जानकारी देते डॉ. सत्येंद्र । अमृत विचार